UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-238 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) सोमवार 10 अगस्त 2026 | youngbharatE-paper.com

## यूपी चुनाव से पहले दिल्ली में बड़ी हलचल! अचानक पीएम मोदी से मिलने पहुंचे सीएम योगी, क्या पक रही है कोई नई खिचड़ी?



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचे। अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा और प्रधानमंत्री के साथ उनकी मुलाकात राजनीतिक रूप से काफी अहम मानी जा रही है।

योगी आदित्यनाथ के दिल्ली पहुंचते ही उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के बीच होने वाली बैठक के आधिकारिक एजेंडे को लेकर फिलहाल विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। इसके बावजूद दोनों नेताओं की मुलाकात को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और पार्टी की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे में चुनावी तैयारियों को लेकर राज्य और केंद्रीय नेतृत्व के बीच लगातार संवाद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी सरकार लगातार दूसरी बार सत्ता में है और अब पार्टी के सामने आगामी चुनाव में सत्ता बरकरार रखने की चुनौती है। इसी वजह से योगी की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात को चुनावी रणनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक में राज्य से जुड़े राजनीतिक और प्रशासनिक मुद्दों के साथ-साथ आगामी चुनाव को लेकर तैयारियों पर भी चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है।उत्तर प्रदेश बीजेपी के लिए सबसे महत्वपूर्ण राज्यों में से एक है। लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव तक राज्य के राजनीतिक समीकरण राष्ट्रीय राजनीति पर भी असर डालते हैं। ऐसे में चुनाव से पहले मुख्यमंत्री और केंद्रीय नेतृत्व के बीच समन्वय को काफी अहम माना जाता है। योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच होने वाली बातचीत को लेकर राजनीतिक हलकों में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि, बैठक के वास्तविक मुद्दों और उसमें हुई चर्चा की आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दिल्ली दौरा ऐसे समय में हुआ है, जब उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां धीरे-धीरे तेज हो रही हैं। बीजेपी जहां सत्ता में वापसी की रणनीति पर काम कर रही है, वहीं विपक्षी दल भी सरकार को घेरने की तैयारी में जुटे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी की मुलाकात को लेकर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। बैठक के बाद यह स्पष्ट हो सकता है कि आगामी चुनाव को लेकर बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व और उत्तर प्रदेश संगठन किन मुद्दों और रणनीतियों को प्राथमिकता देने वाला है। फिलहाल इतना तय है कि योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे ने उत्तर प्रदेश की चुनावी राजनीति में चर्चाओं को जरूर हवा दे दी है।



## 70 साल तक बदहाली झेलती रही शहीद की धरती, सीएम योगी ने हमेशा के लिए मिटा दिया तीन पीढ़ियों का दर्द

( यंग भारत न्यूज )

देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी का फंदा चूमने वाले अमर शहीद क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह की जन्मभूमि आजाद भारत में भी दशकों तक विकास की मुख्यधारा से कटे रहने का दर्द सहती रही.

जिस गांव की मिट्टी ने देश को ऐसा वीर सपूत दिया, उसी गांव की तीन पीढ़ियां हर साल बारिश के मौसम में दुनिया से कट जाने की मजबूरी झेलती रहीं. सरकारें बदलती रहीं, लेकिन उनकी यह पीड़ा बनी रही. आखिरकार, उनका यह दर्द महसूस किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने. उत्तर प्रदेश में सरकार बनने पर जैसे ही यह मामला सीएम योगी के संज्ञान में आया, उन्होंने खन्नौत नदी पर पीपे के बजाय पक्के पुल का निर्माण कराया. इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री पुल के उद्घाटन पर स्वयं शहीद के पैतृक गांव नवादा पहुंचे और ठाकुर रोशन सिंह के परिवार से मिले. वहां मौजूद ग्रामीणों की आंखों में सीएम के प्रति कृतज्ञता के भाव से आंसू छलक उठे. यह सिर्फ एक पुल का उद्घाटन नहीं, बल्कि शहादत को मिले सम्मान और वर्षों की उपेक्षा के अंत का भावुक क्षण था. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में क्रांतिकारी ठाकुर रोशन सिंह का नाम अमर बलिदानियों में दर्ज है. उनका जन्म 19 दिसंबर 1892 को शाहजहांपुर जिले के नवादा गांव में ठाकुर जंगी सिंह और कौशल्या देवी के घर हुआ था. बचपन से ही वह अदम्य साहसी, कुशल पहलवान व अचूक निशानेबाज थे. वह युवावस्था में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन से जुड़े और बाद में हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) के सक्रिय क्रांतिकारी बन गए.1922 में चौरी-चौरा कांड के विरोध में बरेली में हुए प्रदर्शन के दौरान अंग्रेजों ने लाठीचार्ज किया. इसी दौरान रोशन सिंह भीड़ को चीरते हुए आगे बढ़े और एक अंग्रेज अधिकारी की बंदूक छीन ली. उन्होंने हवा में फायरिंग कर लाठीचार्ज रुकवाया. इस घटना के बाद ब्रिटिश सरकार ने उन्हें दो वर्ष की कठोर कैद की सजा दी. जेल से रिहा होने के बाद उनका झुकाव पूरी तरह क्रांतिकारी आंदोलन की ओर हो गया और वह अंग्रेज हुकूमत की आंख की किरकिरी बन गए. दिसंबर 1924 में एचआरए ने संगठन के लिए धन जुटाने के उद्देश्य से पीलीभीत की बिसलपुर तहसील के बमरौली गांव में कार्रवाई की. इस दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई. ठाकुर रोशन सिंह पर हत्या का मामला दर्ज किया गया, लेकिन वह अंग्रेजों के हाथ नहीं आए. बाद में 1925 के काकोरी कांड के बाद ब्रिटिश सरकार ने ठाकुर रोशन सिंह को भी गिरफ्तार कर मुकदमे में शामिल किया. भले ही वह काकोरी ट्रेन लूट की घटना में प्रत्यक्ष रूप से मौजूद नहीं थे, लेकिन संगठन से जुड़े होने के कारण उन्हें भी पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां व राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के साथ दोषी ठहराया गया. अदालत में जब उन्हें विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई जा रही थी, तब रोशन सिंह ने निर्भीक होकर कहा, 'मुझे भी वही सजा दो जो बिस्मिल को मिली है.' आखिरकार जज ने उन्हें फांसी की सजा सुना दी. 19 दिसंबर 1927 को प्रयागराज की नैनी जेल में उन्होंने गीता का पाठ करने के उपरांत वंदे मातरम् का गगनभेदी उद्घोष करते हुए फांसी के फंदे को चूम लिया.



## पेपर लीक की वजह से चुनाव हार जाएगी मोदी सरकार सीवोटर सर्वे ने बढ़ाई बीजेपी की टेंशन, चौंकाने वाले आंकड़े

( यंग भारत न्यूज )

देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने युवाओं के साथ-साथ अब नरेंद्र मोदी सरकार के समर्थकों को भी नाराज कर दिया है। सीवोटर (सी वोटर) के नए स्नैप पोल में चौंकाने वाली बात सामने आई है। सी-वोटर के लेटेस्ट सर्वे में मोदी सरकार के पेपर लीक से निपटने के तरीके को लेकर एनडीए समर्थकों के बीच असंतोष सामने आया है।

सर्वे के मुताबिक हर 5 में करीब 2 एनडीए वोटर सरकार के पेपर लीक के बाद किए गए काम से संतुष्ट नहीं हैं। यानी करीब 40 फीसदी एनडीए समर्थकों ने माना कि सरकार ने इस मुद्दे को जिस तरह संभाला, उससे वे खुश नहीं हैं। सर्वे की दूसरी बड़ी बात युवाओं के मूड को लेकर है। पीएम नरेंद्र मोदी अभी भी देश में सबसे लोकप्रिय नेता के तौर पर राहुल गांधी से 12 फीसदी नंबर से आगे हैं। लेकिन सी-वोटर का कहना है कि युवाओं के बीच एंटी-इंकम्बेंसी को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। पेपर लीक विवाद के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के भारी विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए तत्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपना पद छोड़ना पड़ा था। इसके साथ ही सरकार ने संसद के दोनों सदनों में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में कड़े संशोधन पास कराए और फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की। सीवोटर के सर्वे में सामने आया कि 31.7 फीसदी लोग सख्त कानूनों को सरकार की पहली प्राथमिकता मानते थे। वहीं 27 फीसदी लोगों की राय थी कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा पहली प्राथमिकता होना चाहिए था, जबकि 17 फीसदी लोगों का मानना था कि एक्सपर्ट पैनल बनाना सबसे जरूरी था। संसद में हुई चर्चा पर 35 फीसदी लोग संतुष्ट दिखे, जबकि 39 फीसदी लोगों ने नाराजगी जताई। हालांकि पुलिस बर्बरता के आरोपों की जांच पर भारी सहमति देखने को मिली।62.7 फीसदी लोगों ने कहा कि पुलिस की ज्यादतियों की जांच होनी चाहिए। दिलचस्प बात यह है कि इसमें 58 फीसदी एनडीए समर्थकों ने भी जांच का समर्थन किया। दूसरी तरफ 54.2 फीसदी लोगों ने मांग की कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले हिंसक प्रदर्शनकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। इंडिया (इण्डिया) गठबंधन के 45 फीसदी समर्थकों ने भी इसका समर्थन किया। तमाम विवादों के बावजूद 'भारत के सबसे लोकप्रिय युवा नेता' के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर 12 प्रतिशत अंकों की बढ़त बना रखी है। लेकिन सर्वे इस बात की ओर इशारा करता है कि युवाओं में निराशा का कारण सिर्फ पेपर लीक नहीं है। 'कुल मिलाकर, पेपर लीक और सीजेपी के विरोध प्रदर्शनों ने एनडीए सरकार को सियासी चोट तो पहुंचाई है, लेकिन असली चुनौती यह नहीं है। असली चुनौती युवाओं की बढ़ती हुई आकांक्षाएं हैं जो सीमित मौकों की दीवार से टकराकर टूट रही हैं। सर्वे के मुताबिक 12 फीसदी लोगों ने सीजेपी को युवाओं की आवाज माना और लगभग 50 फीसदी लोगों ने कहा कि वे भविष्य में भी अन्य मुद्दों पर इस आंदोलन का साथ देंगे।38 फीसदी एनडीए समर्थकों ने भी माना कि वे भविष्य में सीजेपी के आंदोलनों का समर्थन कर सकते हैं। सर्वे का शायद सबसे दिलचस्प आंकड़ा पुलिस कार्रवाई को लेकर है।62.7 फीसदी लोगों ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कथित ज्यादती के आरोपों की जांच होनी चाहिए। यहां एनडीए समर्थकों का आंकड़ा भी खास है। सीवोटर के मुताबिक करीब 58 फीसदी एनडीए समर्थक भी पुलिस के खिलाफ जांच चाहते हैं।लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि प्रदर्शनकारियों की हर हरकत को लोगों का समर्थन मिला। 54.2 फीसदी लोग चाहते हैं कि उन प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई हो, जिन्होंने कथित तौर पर आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक कंटेंट डाला। सी-वोटर ने यह स्नैप पोल 29 और 30 जुलाई को किया। इसमें देशभर के 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों से कंप्यूटर-सहायता प्राप्त टेलीफोन साक्षात्कार यानी सीएटीआई के जरिए बातचीत की गई। सर्वे में कुल 1,349 लोगों को शामिल किया गया। ये लोग देश के सभी राज्यों और सभी जिलों से लिए गए थे।



# डाकुओं की पहचान से पर्यटन की नई उड़ान तक; चित्रकूट का पाठा बनेगा ईको-टूरिज्म हब

(प्रधान सम्पादक)

(यंग भारत न्यूज)

**चित्रकूटः** बुंदेलखंड में एक दौर वह भी था, जब चित्रकूट का पाठा क्षेत्र डाकुओं की वजह से जाना जाता था. इसे पिछड़ेपन की पहचान माना जाता था. लेकिन बदलते समय के साथ इस जनपद की तस्वीर तेजी से बदल रही है. आने वाले दिनों में यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है.

एक तरफ जहां आध्यात्मिक टूरिज्म को बढ़ावा मिल रहा है. देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु धर्म नगरी चित्रकूट पहुंचते हैं. वहीं दूसरी तरफ ईको टूरिज्म के क्षेत्र में रानीपुर टाइगर रिजर्व के आसपास विकसित हो रही आधुनिक पर्यटन परियोजनाएं पाठा को एक नए ईको-टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है. यहां प्रदेश का पहला ग्लास स्काईवॉक ब्रिज, ट्राइबल हट्स और 13.67 करोड़ की परियोजनाओं से तस्वीर बदली जा रही है. इससे न सिर्फ पर्यटक बढ़ेंगे बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे. साथ हीं विकसित की गई तुलसी जलप्रपात ट्राइबल हट्स परियोजना पर्यटकों को प्रकृति, रोमांच और स्थानीय जनजातीय संस्कृति का अनूठा अनुभव प्रदान करेगी. पर्यटन विभाग ने इस परियोजना को लगभग 4.15 करोड़ रुपए की लागत से विकसित कराया है. निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है. इसके शुरू होने के बाद देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आध्यत्मिक टूरिज्म के साथ प्राकृतिक सौंदर्य और स्थानीय जनजातीय जीवन, संस्कृति और आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का एक ही स्थान पर अनुभव मिलेगा. इससे चित्रकूट की पर्यटन पहचान को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है. इसके अतिरिक्त रानीपुर टाइगर रिजर्व के पास हीं 13.67 करोड़ रुपये की लागत से एक व्यापक ईको-टूरिज्म विकास परियोजना पर भी कार्य तेजी से चल रहा है. सितंबर 2025 में शुरू हुई इस परियोजना को मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इसके अंतर्गत आधुनिक कार्यालय भवन, ट्राइबल हट्स, विश्राम गृह, फूड कोर्ट, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, इंटरलॉकिंग मार्ग, सीसी रोड, उद्यान विकास सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं. स्थानीय निवासियों ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व, ग्लास स्काईवॉक ब्रिज और प्रस्तावित ईको पार्क के विकसित होने से चित्रकूट में पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि नई सुविधाओं के विकास से यहां आने वाले पर्यटकों को एक ही परिसर में कई आकर्षण देखने को मिलेंगे, जिससे उनका ठहराव बढ़ेगा. इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे. पाठा क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी नई गति मिलेगी.



# संकट मोचनी सिंह वाहिनी मंदिर छानी से रतनगढ माता मंदिर तक पैदल कांवड यात्रा का शुभारंभ

## -डीजे के की धुन के साथ सैकड़ो शिव भक्त शामिल हुए कांवड यात्रा में

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** सावन माह के अवसर पर रविवार सुबह तहसील क्षेत्र के ग्राम छानी से भव्य पैदल कांवड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ ग्राम छानी स्थित संकट मोचिनी सिंह वाहिनी मंदिर से हुआ। डीजे की धुन और भगवान शिव के जयकारों के बीच कांवड लेकर पैदल रतनगढ़ धाम माता मंदिर के लिए रवाना हुए। यात्रा में करीब 150 से अधिक शिव भक्त कांवड लेकर शामिल रहे।



कांवड़ यात्रा ग्राम छानी से शुरू होकर नया पटेल नगर कोंच होते हुए अन्नपूर्णा माता मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। इसके बाद कांवड़ यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए रतनगढ़ धाम के लिए रवाना हुई। पूरे रास्ते श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए और हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

डीजे पर बज रहे धार्मिक गीतों पर कांवड़िये उत्साह के साथ पैदल चलते रहे। कांवड़ियों की टोली में युवाओं के साथ अन्य श्रद्धालु भी शामिल रहे। सावन माह में आयोजित इस कांवड़ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने कांवड़ियों का स्वागत कर उन पर पुष्प वर्षा की।कांवड़ यात्रा में सुंदर लाल वर्मा, गीता, रजनी, परवीन वर्मा, अभिषेक, वीरू, कल्लू वर्मा, प्रियांशु, विक्रांत, योगेंद्र, मनमोहन, रामजी, छोटी राठौर, जीतू वर्मा सहित करीब 150 शिव भक्त शामिल रहे।बताया गया श्रद्धालु रतनगढ़ धाम पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेगे और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेगे सावन के महीने में निकली इस पैदल कांवड़ यात्रा के चलते पूरे मार्ग पर धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा।कांवड यात्रा में चल रहे शिव भक्तो में खासा उत्साह देखने को मिला।

# बोर्ड में उतरा करंट, कूलर चलाने के प्रयास में युवक की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** शहजादपुरा में रविवार सुबह बिजली का करंट लगने से 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी हरपाल सिंह पाल (42) शनिवार रात घर में सो रहे थे। रविवार सुबह करीब छह बजे बिजली आने पर वह कूलर चलाने के लिए उसके तार बिजली के बोर्ड से लगाने लगे। इसी दौरान केबल में कट होने के कारण वह करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही हरपाल जमीन पर गिरकर अचेत हो गए। परिजनों ने जब उनके गिरने की आवाज सुनी तो तत्काल उन्हें उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हरपाल की मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। पत्नी मुन्नी देवी रो-रोकर बेहाल हो गई। वहीं 15 वर्षीय बेटी शिवानी और 13 वर्षीय बेटा शिवा भी पिता की मौत से सदमे में हैं। परिजनों के मुताबिक हरपाल परिवार की आजीविका चलाने के लिए गुजरात के सूरत में पानीपुरी बनाने का काम करते थे। तीन दिन पहले ही वह सूरत से घर लौटे थे। परिवार के साथ कुछ दिन बिताने के बाद उन्हें वापस काम पर लौटना था, लेकिन इससे पहले ही हादसे ने उनकी जान ले ली। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी हरिशंकर ने बताया कि एक व्यक्ति को करंट लगने से मौत होने की जानकारी मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग से छेडछाड एवं रंगदारी व बलबा के मामले में पुलिस ने एक और को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नाबालिग किशोरी संग छेड़खानी करने, रंगदारी मांगने और बलवा करने के दर्ज मामले में फरार चल रहे एक आरोपी रियाज उर्फ बाबू पुत्र गफ्फार निवासी मालवीय नगर कोंच को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।ज्ञात हो कि

गत 16 जुलाई को घटित घटना के तहत कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने नाबालिग बेटी के साथ छेडखानी किए जाने सहित रंगदारी मांगने और विरोध करने पर बलवा करने के मामले में मुख्य आरोपी फैज़ान निवासी मालवीय नगर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस पहले ही फैजान को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं बलवा में शामिल फैजान के भाई रियाज उर्फ बाबू पुत्र गफ्फार निवासी मालवीय नगर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक निगवेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि बलवा करने की घटना में पुलिस जांच के दौरान 8 आरोपी सामने आए हैं, सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं ।दबिसे दी जा रही है। शीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर जिले में रहा अब्बल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर ने पूरे जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। केंद्र के अंतर्गत जालौन ब्लॉक में अब तक 1018 बच्चियों को एचपीवी के टीके लगाए जा चुके हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विनोद राजपूत ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए गए इस अभियान में टीम और अभिभावकों के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो पाई है।एचपीवी संक्रमण से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर हो सकता है और यह टीका इस बीमारी से 90 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करता है। डॉ. राजपूत ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिरिया सलेमपुर पर 1018 बच्चियों का टीकाकरण कराया गया है। यह संख्या जिले में सबसे ज्यादा है, जिससे उन्हें जिले में पहला स्थान मिला है। जिले में प्रथम स्थान मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई देते हुए उन सभी अभिभावकों को भी धन्यवाद दिया है, जिन्होंने अपनी बच्चियों को टीका लगवाकर उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाने की पहल की। बताया कि अभियान के तहत 'आज का टीका, कल का सुरक्षित जीवन' और 'स्वस्थ बेटी-सुरक्षित भविष्य' के संदेश के साथ स्कूलों और गांवों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की है कि नौ से 14 वर्ष की आयु की सभी बच्चियों को एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं, ताकि उन्हें सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाया जा सके। इस अभियान में निशा भारती, निधि राठौर, रामजानकी, मीरा देवी, जितेंद्र, बब्बू आदि ने भी सराहनीय कार्य किया।



# 20 क्वार्टर शराब सहित गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** 20 क्वार्टर शराब सहित एक व्यक्ति को चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को सूचना मिली कि आसरा कॉलोनी के आगे नहर की पटरी के पर एक संदिग्ध व्यक्ति कोई नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने झोला लेकर जा रहे संदिग्ध पहलवानबाड़ा निवासी अजय उर्फ कल्लू को रोककर जब उसके झोले की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें से 20 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को कोतवाली लाकर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# शमसुद्दीन बने जुलूसे मोहम्मदी के सदर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** मोहसिने इंसानियत पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के यौमे विलादत( जन्म दिवस) ईद मीलादुन्नबी के मौके पर निकलने वाला अजीमुश्शान जुलूसे मुहम्मदी इस साल भी तंजीम गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के जेरे कयादत व जेरे एहतमाम में शानदार पैमाने पर निकाला जाएगा। इसी सिलसिले में सोसायटी की एक अहम बैठक 9 अगस्त को मियाँगंज स्थित हाजी नासिर सेठ के प्रतिष्ठान पर तंजीम के सदर हाफिज अता उल्ला खां ग़ौरी की सदारत में सम्पन्न हुई। संचालन सेकेट्री हाजी मुहम्मद अहमद ने किया।बैठक का आगाज़ तिलावते कलाम पाक से हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी व नाते रसूल सल्लललल्लाहो अलैहे वस्सलम से हाफिज मोहम्मद साबिर बरकाती ने किया। जिसमें सर्व सम्मति से सभासद शमसुद्दीन मंसूरी को इस साल का जुलूस ए मुहम्मदी का सदर बनाया गया। बैठक में बोलते हुए नायब सदर हाफिज साबिर ने कहा आका की पैदाइश न होती तो कुछ नहीं होता आपके सदके से ही दुनिया सजाई बनाई गई है सभी ने अपने अपने इजहार करते हुए कहा कि ईद मीलादुन्नबी के जश्न के मौके पर निकलने बाले जुलूस मुहम्मदी को इस साल भी सभी लोग मिलजुल कर अम्न शांति का पैगाम देते हुए इत्तिहाद के साथ जुलूस को कामयाब बनाएं। तंजीम के सदर हाफिज अताउल्ला खां ग़ौरी ने बैठक में कहा कि ईद मीलादुन्नबी का जश्न आगामी 26 अगस्त बुधवार को चाँद के मुताबिक मनाया जाएगा।खुशी का इजहार करते हुए जुलूस मुहम्मदी को कामयाब बनाएं। जुलूस के सदर बने शमसुद्दीन मंसूरी ने कहा कि ईद मीलादुन्नबी का त्यौहार सभी मिलजुल कर मनाएं जुलूस मुहम्मदी में ज्यादा से ज्यादा लोग शिरकत कर खुश नुमा बनाएं। बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई, जिसमें तंजीम के द्वारा पारित किए गए वादों पर अमल करने का वादा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने किया। इस मौके पर प्रबंधक हामिद हुसैन कादरी, खजांची मुहम्मद उमर,हाजी सेठ नासिर, सेठ मुमताज अहमद, एनुल आरफीन एडवोकेट, अशफ़ाक़ ग़ौरी,नन्नू क़ुरैशी, अहमद खां कडूँ मामा, हाजी सुल्तान,सेठ अनवार मंसूरी,शकील अहमद , सईद अहमद खन्ना,इरशाद मंसूरी सदर मंसूरान मस्जिद, काजी फहीम उद्दीन, मुन्ना मन्त्री, मुहम्मद शरीफ बरकाती,इस्लाम मंसूरी गैस वाले,सानू मंसूरी ट्रान्सपोर्टर, बद्दू मंसूरी,सैफ उल्ला खाँ बटीं आदि लोग मौजूद रहे।



# चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर में रविवार को नदीगांव रोड स्थित स्टेट बैंक के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।



राहगीरों की मदद से घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार, ग्राम बरहा अखनीवा निवासी रामशंकर पुत्र रामदयाल उम्र करीब 50 वर्ष, जनता इंटर कालेज में कार्यरत हैं। रविवार को वह कोंच बाजार से घरेलू सामान खरीदकर अपनी मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव बरहा अखनीवा जा रहे थे। जैसे ही वह नदीगांव रोड स्थित स्टेट बैंक के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि रामशंकर मोटरसाइकिल समेत सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

चिकित्सकों के अनुसार रामशंकर की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कालेज उरई रेफर किया गया। वहीं, हादसे के बाद टक्कर मारने वाला अज्ञात चार पहिया वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के माध्यम से वाहन और चालक की पहचान करने का प्रयास किया।

# स्टीयरिंग फेल होने से नाले में गिरा ट्रैक्टर, बड़ा हादसा टला

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** ।सिरसा कलार थाना क्षेत्र के गहपुरा गांव में रविवार को एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरे नाले में जा गिरा। हादसा ट्रैक्टर की स्टीयरिंग फेल होने के कारण हुआ। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।



बताया गया कि चालक ट्रैक्टर को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा था, तभी अचानक स्टीयरिंग फेल हो गई और ट्रैक्टर सड़क किनारे गहरे नाले में जा गिरा। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय ग्रामीणों राघवेंद्र, अमित, देवेंद्र और संतराम ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर को नाले से बाहर निकलवाने में मदद की। ग्रामीणों के मुताबिक स्टीयरिंग अचानक फेल होने से चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके चलते यह हादसा हुआ। हादसे में किसी के घायल न होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# घर बालों की सह पर शराब पीकर पति करता है पत्नी की मारपीट

## पीड़ित महिला ने पुलिस से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली के मुहल्ला मालवीय नगर निवासिनी रोशनी पत्नी रंजीत सिंह पुत्री प्रेमदास ने रविवार को पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर बताया कि 8 अगस्त को मेरा पति रंजीत सिंह पुत्र स्व राधेलाल प्रतिदिन की तरह शराब पीकर घर आया और बेबजह मारपीट करने लगा और कहने लगा अपने पिता से मुझे एक लाख रुपये दिलवाओ तभी तुम इस घर मे रह सकती हो ।पीड़िता ने बताया पूर्व में भी पति इस तरह की घटनाएं घटित कर चुका है कई बार रिश्तेदार व सभ्रांत लोगों के समझाने पर मेरी कुछ दिन मारपीट नहीं की और कुछ दिन बाद शराब पीकर मेरे साथ फिर मारपीट करने लगा इतना ही नही शराब के नशे में दो वर्षीय बच्चे की भी मारपीट करता है इसमें मेरी सास किरन पत्नी स्व राधेलाल देवर संजीत उर्फ बंटे व अभिषेक पुत्रगण राधेलाल मेरे पति को मारपीट के लिए उकसाते है ससुरालीजन कहते है कि अपने पिता से एक लाख रुपये दिलाओ नहीं तो इस घर मे नहीं रहने देंगे ।शिकायतकर्ता ने बताया मेरे पिता की आर्थिक स्थिति काफी खराब है उन्होंने मेरी शादी में अपनी सामर्थ से ज्यादा दान दहेज ससुरालीजनों को दिया था अब आगे कुछ भी देने की स्थिति नहीं है पीड़िता ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।



# बारिश के मौसम में मोहल्ला शाहगंज में भारी जलभराव कच्ची सड़क से निकलना हुआ दूभर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** बारिश के मौसम में मोहल्ला शाहगंज में कच्ची सड़क से निकलना दूभर हो जाता है। लोगों का कहना है कि बरसात में इस मार्ग पर कीचड़ और जलभराव के कारण हालात बदतर हो जाते हैं, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है।



नगर के मोहल्ला शाहगंज में मौलाना खालिद रहमानी के मकान से होकर लगभग 150 मीटर लंबा और करीब 25 फीट चौड़ा कच्चा मार्ग बना हुआ है, जो आगे जाकर औरैया रोड से जुड़ता है। मोहल्ले के अधिकांश लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। बरसात के दौरान यहां जलभराव और दलदल जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले के खालिद रहमानी, सलमान, रजा, सादिक, इसराइल आदि ने बताया कि बस्ती के अधिकतर रास्ते करीब 10 फीट चौड़े हैं, जहां बड़े वाहनों का प्रवेश मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि यह मुख्य मार्ग पक्का बन जाता है तो पूरे मोहल्ले का जुड़ाव चौड़े रास्ते से हो जाएगा। इससे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य बड़े वाहन भी आसानी से बस्ती तक पहुंच सकेंगे। बताया कि दो दिन पूर्व एक व्यक्ति की तबियत खराब होने के चलते उसे कार से नहीं ले जाया सका। बाद में मुश्किल से एंबुलेंस आ सकी। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पूर्व में नगर पालिका द्वारा इस मार्ग का निरीक्षण भी कर लिया गया है। जिसमें सडत्रक निर्माण की आवश्यकता बताई गई थी। इसके बाद भी अब तक इस सड़क का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। उन्होंने इस रास्ते को पक्का कराने मांग डीएम से की है।

# राजस्थान पुलिस टीम को आरोपी अभियुक्त न मिलने पर वैरंग वापस लौटी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 9 अगस्त।** प्रांत राजस्थान में पूर्व दिनों में लगभग 20 लख रुपए की हुई चोरी की घटना को लेकर प्रांत की पुलिस टीम ने प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी के सर्वाधिक सहयोग एवं पुलिस बल के साथ शनिवार की रात प्रांत में चोरी घटना एक आरोपी अभियुक्त के नगर निज निवास में तथा कई संदिग्ध जगहो पर ताबड़तोड़ दबिश देकर गिरफ्तारी अभियान चलाया वहीं पर आरोपी हत्थे नहीं चड सका अभियुक्त न मिलने पर राजस्थान पुलिस टीम वापस हुई।

# दो दिनों से युवती लापता, माँ ने पुलिस से लगायी गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** युवती के दो दिनों से लापता होने की सूचना पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीबाल आसरा कॉलोनी निवाासी शोभा बानो ने पुलिस को बताय कि उनकी 19 वर्षीय बेटी बीती सात जुलाई को घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी। शाम तक जब वह वापस नहीं आई तो उसकी तलाश शुरू की गई। दो दिन तक सभी संभावित स्थानों नाते, रिश्तेदारों और सहेलियों के यहां पूछतांछ करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका है। पीड़ित ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे के दोषी ट्रेक्टर चालक पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए बाइक चालक को टक्कर मार देने और हादसे में बाइक चालक और उसके साथी के घायल होने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुरा निवासी किशोरी लाल ने पुलिस को बताया कि वह बीती 14 जून को अपने साथी बाबूराम के साथ किसी काम के चलते उरगांव गए थे। शाम को उरगांव से बाइक से वापस लौटते समय जब वह पहाड़पुरा रोड पर स्थित नलकूप के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने तेजी व लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में वह व उनके साथी बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए थे। उन्हें पहले सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें उरई फिर झांसी रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर लेकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चारा काटने की मशीन की रात में मोटर ले गए चोर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** चारा काटने की मशीन की रात में मोटर चोरी होने की शिकायत पीड़ित पशुपालक ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी किसान वियज कुमार शाक्यवार ने पुलिस को बताया कि उसके पास पशु हैं। पशुओं को चारा देने के लिए वह कुटिया वाली मशीन लगाए है। मशीन को चलाने के लिए तीन हॉर्स पॉवर की मोटर मशीन में लगी थी। शनिवार की शाम पशुबाड़े में पशुओं को चारा देकर वह घर आ गया। तभी रात में किसी समय अज्ञात चोर पशुबाड़े में घुस गए। चोरों ने पशुबाड़े में रखी मोटर खोल ली और उसे चोरी कर ले गए। सुबह जब वह पशुबाड़े में पहुंचा तो उसे मोटर चोरी होने की जानकारी हुई। काफी तलाश करने के बाद भी मोटर का कहीं पता नहीं चला। पशु पालक ने गांव के ही एक व्यक्ति पर शक व्यक्त करते हुए उसकी मोटर बरामद कराने की गुहार लगाई है। वहीं, पीड़ित की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उरई रेलवे स्टेशन पर वृक्षित फाउंडेशन ने चलाया वृक्षारोपण अभियान, हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** पर्यावरण संरक्षण एवं शहर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से वृक्षित फाउंडेशन द्वारा उरई रेलवे स्टेशन परिसर में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर श्री राजीव कौशिक का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। अभियान के दौरान फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन परिसर में पौधारोपण कर यात्रियों एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।



इस अवसर पर वृक्षित फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हर्ष शर्मा ने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लगातार कम होती हरियाली के बीच पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी बेहद आवश्यक है। वृक्षित फाउंडेशन वर्ष 2019 से भारत में पर्यावरण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने के लिए प्रेरित करना है। संस्था द्वारा समय-समय पर क्लीन-अप ड्राइव, पर्यावरण जागरूकता अभियान, शहर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के प्रयास, वृक्षारोपण अभियान तथा विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। फाउंडेशन विशेष रूप से विद्यालयों में विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को पौधों के महत्व, स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, नागरिक जिम्मेदारी, जल संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी दी जाती है। संस्था का मानना है कि बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेलवे स्टेशन पर आयोजित इस अभियान में फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने यात्रियों और आम नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखें, कूड़ा इधर-उधर न फेंकें तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। स्टेशन मास्टर श्री राजीव कौशिक ने वृक्षित फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। फाउंडेशन ने भी अभियान में सहयोग प्रदान करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। वृक्षित फाउंडेशन का संदेश है कि 'स्वच्छ शहर, हरा शहर और जागरूक समाज' ही एक बेहतर एवं सुरक्षित भविष्य की नींव है। संस्था आने वाले समय में भी पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता से जुड़े अभियानों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# उरई के योगीश पटेल बने सीएपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट, 19वें प्रयास में मिली ऐतिहासिक सफलता

## -18 बार मिली असफलता के बाद भी नहीं मानी हार, उरई से लखनऊ तक के सफर से तय की यूपीएससी में सफलता की राह

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** 'लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती...' इस उक्ति को पूरी तरह चरितार्थ कर दिखाया है जालौन के होनहार युवा योगीश पटेल ने। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स परीक्षा के नतीजों में योगीश ने ऑल इंडिया स्तर पर 136वीं रैंक हासिल कर असिस्टेंट कमांडेंट के सम्मानित पद पर कब्जा जमाया है। योगीश की इस उपलब्धि की सबसे खास बात उनका अद्वितीय संघर्ष और अटूट संकल्प रहा। लगातार 18 असफलताओं और निराशा के क्षणों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपने 19वें प्रयास में यह मुकाम हासिल कर इतिहास रच दिया। योगीश की प्रारंभिक शिक्षा उरई स्थित विनीता स्कूल से हुई। इसके बाद कक्षा 7वीं से 12वीं तक की पढ़ाई उन्होंने कैप्टन मनोज कुमार पांडेय यूपी सैनिक स्कूल, लखनऊ से पूरी की। सैनिक स्कूल के अनुशासित माहौल और सैन्य परिवेश ने उनके भीतर शुरू से ही देश सेवा का जज्बा पैदा किया। मूल रूप से जनपद के ग्राम अंडा के निवासी और वर्तमान में उरई में रह रहे योगीश एक मध्यमवर्गीय व संस्कारी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता प्रदीप निरंजन डकोर ब्लॉक के सेसा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता नीलम कुशल गृहिणी (होम मेकर) हैं। पिता के शैक्षणिक मार्गदर्शन और माता के संस्कारों ने योगीश को हर असफलता के बाद दोबारा खड़े होने की ताकत दी। योगीश की सफलता का समाचार मिलते ही उनके पैतृक गांव अंडा और उरई स्थित आवास पर ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ जश्न का माहौल है। सीएपीएफ परीक्षा के माध्यम से गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले देश के 5 प्रमुख केंद्रीय बलों— सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और सीआईएसएफ में अधिकारियों का चयन होता है। ऑल इंडिया 136वीं रैंक के आधार पर योगीश को इनमें से ही किसी एक बल में बतौर असिस्टेंट कमांडेंट (क्लास-1 राजपत्रित अधिकारी) देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा की कमान संभालने का अवसर मिलेगा। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और सैनिक स्कूल के माहौल को देते हुए योगीश पटेल ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में असफलता से निराश होने के बजाय अपनी कमियों को सुधारना और निरंतर प्रयास करते रहना ही सफलता की कुंजी है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, प्रशासनिक अधिकारियों और समाज के गणमान्य लोगों सहित टीम बदलाव के सदस्यों ने योगीश की इस अभूतपूर्व सफलता और जुझारूपन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रामनाथ सुमन बने जाटव समाज विकास महासभा के नए जिलाध्यक्ष

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** जाटव समाज विकास महासभा उत्तर प्रदेश की उरई में आयोजित प्रांतीय कोर कमेटी की बैठक में बड़ा संगठनात्मक निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामशरण जाटव की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से पूर्व प्रधानाचार्य रामनाथ सुमन को जालौन जिले का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल जाटव के आवास पर हुई इस बैठक का संचालन जगदेव प्रसाद ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामशरण जाटव ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. बी.आर. आंबेडकर के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को आत्मसात करके ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। संगठन का दायरा बढ़ाते हुए अन्य जनपदों में भी नई जिम्मेदारियां दी गईं। इसमें ललितपुर जिलाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार, झांसी महानगर अध्यक्ष पद पर एडवोकेट लालमन जाटव तथा झांसी ग्रामीण संयोजक की कमान अच्छेलाल नाग डींगपुरा को सौंपी गई। बैठक के समापन पर बलिया के रसड़ा विधायक दयाशंकर सिंह और सदस्या रेखा जाटव की पूज्य माताजी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। इस दौरान डॉ. अखिलेश प्रशांत, शिक्षाविद देवेंद्र कुमार और डॉ. सत्येंद्र कल्याणी समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# 10 अगस्त को सपा कार्यालय में होगी 'संविधान बचाओ-पीडीए जन पंचायत'

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन पर आगामी 10 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे समाजवादी पार्टी कार्यालय उरई में 'संविधान बचाओ-पीडीए जन पंचायत' का आयोजन किया जाएगा।

उक्त बात की जानकारी देते सपा जिला प्रवक्ता महेश विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबासाहेब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल जी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बृजेश कठेरिया उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से संविधान की रक्षा और पीडीए से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। समाजवादी पार्टी की ओर से सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की गई है।

# कागजीपुरा में बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं की समस्यायों को सुनकर जागरूक किया

(यंग भारत न्यूज)



**कालपी-उरई।** रविवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कालपी के मोहल्ला कागजीपुरा में मिशन शक्ति प्रभारी महिला सब इंस्पेक्टर ममतेश कुमारी के नेतृत्व में बहू-बेटी सम्मेलन व साइबर सुरक्षा का आयोजन किया गया। सम्मेलन में महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं तथा बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी कानूनों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। महिला सिपाहियों ने महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 समेत अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता लेने की अपील की। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबलों नेहा पटेल, सोनी गौतम, प्रीती तथा रिक्रूट महिला कांस्टेबलो नीतू, लक्ष्मी उपाध्याय, नेहा देवी, रोशनी देवी के द्वारा पम्पलेट बाटकर साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न तथा महिला सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने कहा कि महिलाओं की किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं ने भी अपनी समस्याएं रखीं। जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया।

# संगठन विस्तार को विहिप ने कसी कमर

## -राहुल शुक्ला नगर अध्यक्ष, अभिषेक तिवारी को बजरंग दल की कमान

(यंग भारत न्यूज)



**उरई,जालौन।** विश्व हिंदू परिषद की संगठनात्मक बैठक रविवार को एसएस कॉलेज, कोंच रोड, उरई में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपने और आगामी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष गुरु प्रसाद और जिला मंत्री साकेत शांडिल्य की मौजूदगी में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की रणनीति तैयार की गई।

बैठक के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन के कार्यों को प्रत्येक स्तर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसके लिए विभिन्न दायित्वों का निर्धारण करते हुए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संगठन की ओर से राहुल शुक्ला दिशा दर्शन को नगर अध्यक्ष, अभिषेक तिवारी को नगर संयोजक बजरंग दल, ध्रुव याज्ञिक को जिला सह गौ रक्षा प्रमुख, प्रिंस वर्मा को सह जिला मिलन केंद्र प्रमुख तथा रत्नेश पांचाल को नगर मंत्री विश्व हिंदू परिषद की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की विचारधारा एवं निर्धारित कार्यक्रमों को लेकर सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए स्थानीय स्तर पर गतिविधियों को गति दी जाएगी। जिला अध्यक्ष गुरु प्रसाद एवं जिला मंत्री साकेत शांडिल्य ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा की। बैठक में संगठन के विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

# सावन को लेकर एसडीएम ने किया भूरेश्वर शिव मंदिर का निरीक्षण

## श्रद्धालुओं की सुविधाओं, साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** आगामी सावन शिवरात्रि एवं कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारी माधौगढ़ मनोज प्रकाश ने ग्राम सरावन स्थित प्रसिद्ध भूरेश्वर शिव मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपजिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को विशेष रूप से दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सावन शिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कांवड़िये मंदिर पहुंचते हैं, ऐसे में उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। श्रद्धालुओं के आवागमन, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जहां भी व्यवस्थाओं में कमी पाई गई, उसे तत्काल दूर कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए। एसडीएम ने कहा कि शिवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कर्मचारियों को आपसी समन्वय बनाकर सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सावन का सोमवार भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है। सावन माह में प्रत्येक सोमवार को शिव भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजन कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना करते हैं। इसके चलते सावन के सोमवार और सावन शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रहती है। सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को सावन शिवरात्रि मनाई जाती है। इस पावन अवसर पर कांवड़िये पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। इसी को देखते हुए प्रशासन द्वारा मंदिरों एवं कांवड़ मार्गों पर व्यवस्थाओं को लेकर श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# गड्ढों में तब्दील हुआ मुख्य रास्ता, ग्रामीणों के लिए बना मुसीबत का सबब

## सरकारी अस्पताल से शंकरजी मंदिर तक 100 से 200 मीटर मार्ग बदहाल, बारिश में बढ़ जाता है हादसों का खतरा

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत खनुवां में मुख्य रास्तों की बदहाली ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। गांव से जालौन-कोंच की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सरकारी अस्पताल से लेकर तालाब स्थित शंकरजी मंदिर तक करीब 100 से 200 मीटर का रास्ता पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। हालत यह है कि इस मार्ग से दोपहिया वाहन निकालना तो दूर, पैदल चलना भी ग्रामीणों के लिए मुश्किल हो गया है।

सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के चलते आए दिन बाइक सवार संतुलन बिगड़ने से गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बरसात के दौरान स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। बारिश का पानी गड्ढों में भर जाने से सड़क और गड्ढों का अंतर दिखाई नहीं देता, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण प्रदीप कुमार, रामकिशोर, कल्लन, मनीष पचौरी आदि ने बताया कि हल्की बारिश होते ही इस रास्ते से निकलना खतरे से खाली नहीं रहता। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। सरकारी अस्पताल जाने वाली एंबुलेंस को भी जर्जर मार्ग से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग गांव का महत्वपूर्ण संपर्क रास्ता है, इसके बावजूद लंबे समय से इसकी हालत जस की तस बनी हुई है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते महज कुछ मीटर का रास्ता ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सड़क की मरम्मत कराकर गड्ढों से निजात दिलाने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके और हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

# राठ रोड पर डकैती की योजना बना रहे पांच आरोपी गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

(यंग भारत न्यूज)



**उरई।** उरई कोतवाली पुलिस ने रविवार तड़के राठ रोड पर डकैती की योजना बना रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, चार जिंदा कारतूस, एक हथौड़ी, एक प्लास, दो पेचकस, एक छेनी और एक आरी ब्लेड बरामद किया है। वारदात में इस्तेमाल की जा रही अर्टिगा कार को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है।

उरई सीओ राजीव शर्मा के अनुसार, रविवार सुबह करीब 3:31 बजे कोतवाली उरई के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रमाशंकर तिवारी, संदीप कुमार और धर्मेंद्र कुमार समेत पुलिस टीम राठ रोड स्थित शताब्दी स्कूल के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध लोग सड़क किनारे किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके से पांचों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहिद पुत्र हबीब खान निवासी ग्राम गलिया, फिरोज पुत्र सैय्यददीन निवासी बुधौलियाना नई बस्ती, नीतेन्द्र उर्फ नीतू पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम औता हाल निवासी बाहिदपुरा, इम्तियाज मंसूरी पुत्र रहीस खान निवासी पठानपुरा और राजू ठाकुर पुत्र जगदेव सिंह निवासी बुधौलियाना नई बस्ती के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के पास से दो 315 बोर के अवैध तमंचे, चार जिंदा कारतूस, हथौड़ी, प्लास, दो पेचकस, छेनी और आरी ब्लेड बरामद हुए। पुलिस ने अर्टिगा कार (यूपी 32 एमई 5426) को भी कब्जे में लिया है। सीओ के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में कई के खिलाफ हमीरपुर और उरई समेत विभिन्न थानों में चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके आपराधिक नेटवर्क और पूर्व की वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

# ग्राम उदोतपुरा में बसपा की विधानसभा स्तरीय सेक्टर-बूथ समीक्षा बैठक सपन्न

## -संगठन मजबूती पर दिया जोर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** माधौगढ़ तहसील विकासखंड रामपुरा की ग्राम पंचायत। उदोतपुरा में बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में आज विधानसभा स्तरीय सेक्टर एवं बूथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक ग्राम प्रधान भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में तथा झांसी मंडल के मंडल कॉर्डिनेटर विक्रम सिंह जाटव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बसपा के विधानसभा एवं सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ तथागत भगवान बौद्ध। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब को नमन करते हुए उनके विचारों, सामाजिक समानता, शिक्षा, संविधान और बहुजन समाज के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। संगठन की जमीनी स्थिति की हुई समीक्षा बैठक में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों एवं बूथों की क्रमवार समीक्षा की गई। बूथ कमेटियों की सक्रियता, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, आपसी समन्वय और संगठनात्मक गतिविधियों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की वास्तविक ताकत उसका जमीनी संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता होते हैं। झांसी मंडल के मंडल कॉर्डिनेटर विक्रम सिंह जाटव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किए बिना किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल करना संभव नहीं है। उन्होंने प्रत्येक बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता से अपनी जिम्मेदारी पूरी सक्रियता के साथ निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करें, पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से लोगों को अवगत कराएं और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेदों को दूर रखते हुए संगठन हित में एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। बाबा साहब के संघर्षों को किया याद बैठक में डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं संघर्षों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विक्रम सिंह जाटव ने कहा कि बाबा साहब ने विषम परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा को अपना हथियार बनाया और सामाजिक भेदभाव एवं असमानता के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया।उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने वंचित एवं शोषित वर्गों के अधिकारों की आवाज को मजबूती प्रदान की। भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही और उन्होंने समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं सम्मान की संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत करने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहब के विचारों को समझने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। मान्यवर कांशीराम के योगदान पर भी चर्चा बैठक के दौरान बहुजन आंदोलन के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के संघर्षों और संगठन निर्माण में उनके योगदान को भी याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज को संगठित करने और राजनीतिक भागीदारी के प्रति जागरूक करने के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया। वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम की संगठनात्मक सोच से वर्तमान कार्यकर्ताओं को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने तथा शिक्षा, संविधान और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। 2027 को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की तैयारी बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं से गांव-गांव संपर्क अभियान चलाने, संगठनात्मक गतिविधियों को बढ़ाने और प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय टीम तैयार करने की बात कही गई। बैठक को माधौगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी आशीष पांडे ने भी संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने तथा गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क स्थापित करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य मंडल प्रभारी विक्रम सिंह जाटव, मंडल प्रभारी झांसी धीरेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान भानु प्रताप सिंह, ब्रजभूषण कुशवाहा, जगजीवन अहिरवार, जिला अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश जाटव, जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल, माधौगढ़ विधानसभा प्रत्याशी आशीष पांडे, विधानसभा अध्यक्ष शिव सिंह गौतम, देवेंद्र, रवि मिश्रा, रमेश कुशवाहा, उदल, अरुण राठौर, रामगोपाल, सूरजपाल दोहरे रामपुरा, शाहिद, रोहित दीक्षित, राजू निराला, पूर्व प्रधान रघुवीर, मनीष मस्ताना, देव सिंह भाटिया, अतर सिंह, सेक्टर अध्यक्ष राजेश, सेक्टर अध्यक्ष जगमोहन गौतम, बूथ अध्यक्ष मोहित, जगजीवन वर्मा, रामप्रकाश बौद्ध, बाला प्रसाद, अंकित, सेक्टर सचिव उमाशंकर निषाद सहित बसपा के विधानसभा एवं सेक्टर स्तर के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद रहे। बैठक का समापन संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं में आपसी एकजुटता बनाए रखने और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संकल्प के साथ हुआ।

### लम्बे समय के बाद कालपी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# कालपी पुलिस की वारदातों से गिर रही साख को एसपी, एएसपी, डीएसपी ने मिलकर संभाला

## -दो चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा
## -2.72 लाख की नगदी समेत करीब 10 लाख के जेवर बरामद

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** नगर के अलग-अलग मोहल्लों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए कालपी कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2.72 लाख रुपये की नगदी तथा करीब 10 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक बरामदगी में चोरी गया शत-प्रतिशत माल शामिल है।

रविवार को कालपी कोतवाली सभागार में घटनाओं का अनावरण करते हुए आयोजित पत्रकार वार्ता में क्षेत्राधिकारी राजेश कमल ने बताया कि 3 अगस्त 2026 की रात मोहल्ला रामगंज निवासी सरमन के घर चोरी की घटना हुई थी। चोर घर से नगदी तथा सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए थे। पीड़ित की शिकायत पर 6 अगस्त 2026 को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

इससे पहले मोहल्ला हरीगंज में भी रात के समय घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में भी पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। राजेश कमल क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. इशांन सोनी के निर्देश पर चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। अभियान के दौरान 9 अगस्त 2026 की सुबह करीब 5 बजे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, उपनिरीक्षक विशाल बढ़ाना, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल तथा कांस्टेबल हनीफ सहाय, महेंद्र कुमार भारती और विमलेश कुमार सिंह की टीम ने मदारीपुर रोड स्थित वन विभाग के वॉच टावर के पास आरोपी शिवम दुबे पुत्र बालमुकुंद दुबे, निवासी कालपी, उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया। सीओ के अनुसार आरोपी के कब्जे से 2.72 लाख रुपये की नगदी, सोने के दो मंगलसूत्र, एक अंगूठी, एक चेन, दो जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी झुमकी, एक नाक की नथ, एक जोड़ी सुई-धागा तथा चांदी की कमर पेटी, तीन जोड़ी पायल, बिछुआ, चांदी का नोट, चांदी के खोल तथा चांदी का हाथ का सामान बरामद किया गया। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि बरामद नगदी और जेवरात में हरीगंज मोहल्ले में हुई चोरी के करीब 1.52 लाख रुपये भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी शिवम दुबे को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आरोपी पूर्व में पॉक्सो एक्ट के मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। कुछ दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी का एक भाई भी आपराधिक प्रवृत्ति का है। तथा एक आपराधिक मुकदमे में कानपुर जेल में बंद है।

# सीएमओ व एसीएमओ ने महेवा तथा नियामतपुर चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण कर दिये निर्देश

## -5 अलग-अलग स्थानों में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में 152 मरीजों का उपचार

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** रविवार को कालपी, बावई, चुरखी, नियामतपुर तथा महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जनआरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 152 मरीजों का इलाज किया गया। दोपहर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरि नन्दन प्रसाद तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एपी वर्मा ने महेवा तथा नियामतपुर चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डाक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

विभागीय सूत्रों के मुताबिक नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 52 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 31 पुरुष व 21 महिला मरीज शामिल रहे। मेले में शुगर के 7 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 6-6 मरीजों की जांच की गयी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 26 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय बावई में 28, चुरखी चिकित्सालय में 21 रोगियों का तथा नियामतपुर चिकित्सालय में 25 मरीजों का इलाज हुआ। मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरि नन्दन प्रसाद तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एपी वर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महेवा तथा नियामतपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महेवा में ड्यूटी में मौजूद चिकित्साधिकारी डॉक्टर शेख शहरयार तथा कर्मचारियों को निर्देश दिया कि दवाओं का पर्याप्त मात्रा में रखा जाये। मरीजों का इलाज समय से किया जाये। टीकाकरण कार्य में गतिशीलता से किया जाये। तथा चिकित्सालयों के परिसरों में स्वच्छता बनाये रखा जाये।

# तेज रफ्तार XUV-300 ने किसान को मारी टक्कर, इलाज के दौरान मौत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** उरई कोतवाली क्षेत्र में शनिवार रात हुए सड़क हादसे में 62 वर्षीय किसान की मौत हो गई। तेज रफ्तार XUV-300 ने उर्वशी फैक्ट्री के पास किसान को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, रगोदा गांव निवासी ओमप्रकाश द्विवेदी (62) खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बताया जा रहा है कि वह किसी काम से उर्वशी फैक्ट्री के पास गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार XUV-300 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ओमप्रकाश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल ओमप्रकाश को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हादसे में शामिल XUV-300 और उसके चालक की तलाश कर रही है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और प्रत्यक्षदर्शियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। ओमप्रकाश की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि हादसे से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# सर्पदंश से 65 वर्षीय महिला की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ।** कुठोंद थाना क्षेत्र के ग्राम बावली में शनिवार देर रात सर्पदंश से 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में मातम छा गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बावली निवासी बिटोली देवी पत्नी स्वर्गीय नारायण सिंह शनिवार रात करीब 12 बजे अपने कमरे में सो रही थीं। इसी दौरान सांप ने उनके पैर में काट लिया। सर्पदंश का अहसास होते ही उन्होंने अपने पुत्र सील सिंह और विनोद सिंह को आवाज देकर घटना की जानकारी दी। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन अस्पताल पहुंचने तक उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय उरई भेज दिया। पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है। बताया गया कि मृतका बिटोली देवी के पति नारायण सिंह का पहले ही निधन हो चुका था। उनके परिवार में दो पुत्र विनोद सिंह (48) और सील सिंह (40) हैं। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

# सूने मकान में हुई चोरी की घटना

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के मोहल्ला निकासा वार्ड नंबर 5 में सूने घर निशाना बनाया है। बताया गया है कि गृह स्वामी कमल सिंह अपने पूरे परिवार के साथ दिल्ली में मजदूरी का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं, वही उनके भाई गया प्रसाद की पत्नी ने सुबह झाड़ू लगाते वक्त यह देखा कि उनके देवर कमल सिंह के घर के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे। इसकी सूचना उन्होंने अपने पति गया प्रसाद को दी। मौके पर टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र पहुंच कर जायजा लिया।यह चोरी कितने की हुई। यह तो कमल सिंह जो गृह स्वामी है। वह ही बता सकते हैं।

# ट्यूबवेल की मोटर की स्टाटर खराब होने से परेशानी,जेई ने सुधार कराया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के मोहल्ला उदनपुरा में स्कूल के पास स्थित ट्यूबवेल की मोटर की स्टाटर खराब होने से जल संकट खड़ा हो गया है। विभागीय अवर अभियंता बासित अली की देखरेख में स्टार्टर को ठीक करा कर पेयजल सप्लाई ठीक कराई।

बताया जा रहा है कि बीते दिन से ट्यूबवेल की मोटर की स्टाटर खराब हो जाने से आसपास के कई मोहल्लों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो गई है। मुहल्ला उदनपुरा निवासी फहीम खान आदि ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है कि ट्यूबवेल बंद होने से पानी की समस्या बढ़ गई है। सूचना पाकर जल संस्थान के अवरअभियंता बासित अली अपनी टीम के साथ पहुंच कर जायजा लिया। ख़राब स्टार्टर को बदल कर ठीक कराया गया। तथा जलापूर्ति बहाल कराई गई।

# रामपुरा के जंगल में स्थित भैरव मंदिर पर उमड़ती है श्रद्धालुओं की अपार भीड़, हर रविवार सजता है विशाल भंडारा

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश के जालौन जिले अंतर्गत माधौगढ़ क्षेत्र के रामपुरा स्थित घने जंगलों के बीच विराजमान भैरव बाबा का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए अगाध आस्था का केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शांति से सराबोर इस पावन स्थल पर हर रविवार को भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ता है।

दूर-दूर से पहुँचते हैं श्रद्धालु

भैरव बाबा के प्रति जन-जन में अटूट विश्वास है। यही कारण है कि केवल स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि दूर-दराज के शहरों से भी श्रद्धालु खिंचे चले आते हैं। कानपुर, आगरा, झाँसी, और मध्य प्रदेश के ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरों से हर हफ्ते सैकड़ों-हजारों श्रद्धालु परिवार सहित यहाँ दर्शन-पूजन के लिए पहुँचते हैं। भक्त बाबा के सम्मुख माथा टेककर अपनी मनोकामनाएँ माँगते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

भव्य भंडारे और प्रसादी का आयोजन

प्रत्येक रविवार को मंदिर कमेटी द्वारा एक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया जाता है। सुबह की आरती के बाद शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक अनवरत चलता रहता है। दूर-दूर से आए सभी श्रद्धालुओं को बड़े ही आदर और श्रद्धा भाव के साथ प्रसादी ग्रहण कराई जाती है।

सेवा भाव में जुटी मंदिर कमेटी

इस विशाल धार्मिक आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाने में मंदिर कमेटी का सराहनीय योगदान रहता है। महंत अशोक दरबार के मार्गदर्शन में कमेटी के समर्पित सदस्य—मोनू शर्मा, मुन्ना पुरवार, दिनेश, बिनोद शाक्यवार, माखन पाल और बड़े शाक्यवार समेत पूरी टीम नि:स्वार्थ भाव से व्यवस्थाओं को संभालने में जुटी रहती है। रामपुरा का यह भैरव मंदिर न केवल एक पवित्र धार्मिक स्थल है, बल्कि यह सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता की एक अद्भुत मिसाल बन चुका है।

# अत्याधुनिक ग्राम सचिवालय में लगी भीषण आग, लाखों का फर्नीचर व महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख

## फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक सचिवालय का अधिकांश सामान हुआ खाक, आग लगने के कारणों की जांच में जुटे अधिकारी

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** विकास खंड डकोर की ग्राम पंचायत ऐरी रमपुरा स्थित अत्याधुनिक ग्राम सचिवालय में रविवार की सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाती, तब तक सचिवालय के अंदर रखा लाखों रुपये का फर्नीचर, सीसीटीवी कैमरे और महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर राख हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी।

बताया गया कि घटना के समय ग्राम प्रधान गांव से बाहर अपने बच्चों के एडमिशन के सिलसिले में नोएडा गए हुए थे। ग्राम प्रधान ने फोन पर बातचीत के दौरान घटना की जानकारी दी। वहीं, सचिवालय में आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि आग की तीव्रता अधिक होने के कारण सचिवालय के अंदर रखा अधिकांश सामान आग की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और सचिवालय का निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। फिलहाल आग शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी अन्य वजह से, इसकी स्पष्ट जानकारी जांच पूरी होने के बाद ही सामने आ सकेगी।

### मुख्यमंत्री भी लगा चुके हैं जन चौपाल

उरई। गौरतलब है कि जनपद जालौन की ग्राम पंचायत ऐरी रमपुरा का यह ग्राम सचिवालय अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां प्रदेश सरकार के मंत्रियों के साथ-साथ जिलास्तरीय अधिकारियों द्वारा भी विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की जा चुकी है। इतना ही नहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी ऐरी रमपुरा गांव पहुंचकर जन चौपाल लगा चुके हैं। ऐसे में अत्याधुनिक ग्राम सचिवालय में हुई आगजनी की घटना को लेकर ग्रामीणों में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों ने सचिवालय में हुए नुकसान की निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही आग लगने के वास्तविक कारणों का जल्द पता लगाए जाने की मांग की है।

# पति का कत्ल, पत्नी ने बेटी और उसके प्रेमी संग मिलकर की थी हत्या; मथुरा में खोजी कुत्ते के सहारे तीन महीने बाद चेहरे बेनकाब

( यंग भारत न्यूज )

**मथुरा।** जयसिंहपुरा के राधा-कृष्ण वाटिका निवासी मनोज सोनी की हत्या की उसकी पत्नी ने बेटी और बेटी के प्रेमी के साथ मिलकर की है। पुलिस को उनके मकान के बगल में स्थित एक प्लॉट से जले हुए कपड़े, मूसल और पोंछा बरामद हुआ है।

आशंका है कि पोंछे का इस्तेमाल हत्या के बाद खून साफ करने में किया गया। इसके बाद पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से भी पड़ताल कराई।

मनोज का जूता डॉग स्क्वायड को सुंघाया गया, इसके बाद खोजी कुत्ता जले कपड़े मिलने वाली जगह तक पहुंचा और फिर पीछे की ओर घूमकर लौट आया। शव के नहीं मिलने पर पुलिस ने इन साक्ष्यों के आधार पर तीनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पूछताछ में मां-बेटी ने मृतक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। गोविंद नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जयसिंहपुरा की राधाकृष्ण वाटिका निवासी मनोज सोनी समीप की गोशाला में गोसेवा करते हैं। उनकी शादी करीब 22 वर्ष पूर्व हाथरस की नैना सोनी के साथ हुई। रामबाबू ने बताया, 18 अप्रैल की देर रात भाई मनोज का पत्नी नैना सोनी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके



बाद से भाई मनोज संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गए। इस मामले में 21 अप्रैल को नैना से गोविंद नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना-पत्र दिलाया। इसके बाद भतीजी की शादी की व्यस्तता के कारण उन्होंने ध्यान नहीं दिया। 12 जुलाई को थाने पहुंचे और भाई के मामले में प्रगति पूछी तो बताया गया कि प्रार्थना-पत्र नैना अगले दिन ही वापस ले गई थीं। इस पर रामबाबू ने नौ मई को थाने में अपनी तरफ से प्रार्थना-पत्र दिया। रामबाबू ने प्रार्थना-पत्र में कहा है कि हम तीनों भाई ने मिलकर अपना खेत बेचा और फिर राधाकृष्ण वाटिका में अपने-अपने मकान बनवाए। मनोज ने अपने मकान का बैनामा अपनी पत्नी नैना के नाम कराया था। आरोप लगाया कि नैना संदिग्ध चरित्र की है। सात जून से बच्चों को लेकर घर में ताला लगाकर कहीं चली गई है। उन्होंने आशंका जताई कि भाई की हत्या पत्नी नैना, उसकी बेटी भक्ति सोनी और बेटी के प्रेमी विमल चौधरी ने की है और शव को कहीं छिपा दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनकी निशानदेही पर गोविंद नगर पुलिस ने दो दिन तक धौरेरा के जंगल, अक्रूर घाट आदि क्षेत्र में तलाश कराई, लेकिन शव नहीं मिला। शनिवार को पुलिस ने जांच का दायरा राधा-कृष्ण वाटिका और आसपास के प्लाटों तक बढ़ाया। इसी दौरान मकान के बगल में एक प्लाट में पुलिस को जले कपड़े व राख मिली। मौके की स्थिति को संदिग्ध मानते हुए बारीकी से छानबीन की। तलाशी के दौरान मूसल और एक पोंछा भी बरामद हुआ। पुलिस को आशंका है कि पोंछे का इस्तेमाल किसी वारदात के बाद खून साफ करने में किया गया हो सकता है। मौके पर डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। मनोज का जूता खोजी कुत्ते को सुंघाया गया। इसके बाद डॉग स्क्वायड जले हुए कपड़े मिलने वाले स्थान तक पहुंचा। वहां कुछ देर रुकने और आसपास सूंघने के बाद पीछे की ओर घूमकर वापस आ गया। पुलिस टीम ने करीब एक घंटे तक मौके और उसके आसपास के क्षेत्र में छानबीन की। इस दौरान संभावित साक्ष्यों को सुरक्षित किया गया। पुलिस बरामद जले कपड़े, मूसल व पोंछे की फोरेंसिक जांच कराने की तैयारी में है, ताकि उनसे कोई महत्वपूर्ण सुराग मिल सके। गोविंद नगर थाना प्रभारी अजय वर्मा ने बताया कि शव की तलाश की जा रही है। जले हुए कपड़ों व मूसल के आधार पर तीनों को जेल भेज दिया है। पूछताछ में आरोपित मां-बेटी ने बताया कि मनोज आए दिन दोनों से मारपीट करता था। इसके चलते उन्होंने हत्या कर दी। मनोज सोनी के लापता होने के बाद उसकी पत्नी नैना सोनी और बेटी के मकान पर बिकाऊ लिखे जाने की बात सामने आई है। पुलिस जांच में यह भी पता चला कि आरोपित परिवार मकान बंद कर इधर-उधर घूम रहा था और ठिकाना बदलने की कोशिश में था। बताया जा रहा है कि मनोज के लापता होने के बाद मकान को बेचकर यहां से निकलने की तैयारी की जा रही थी।

# मकान बना चर्च...लखनऊ में धर्मांतरण का घिनोना खेल! बजरंग दल के पहुंचते ही मचा बवाल, पुलिस ने संभाला मोर्चा

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ** जिले के मोहनलालगंज इलाके में धर्मांतरण के कथित धंधे को लेकर रविवार दोपहर को बहुत बड़ा बवाल देखने को मिला। सिसेंडी के पास स्थित रायपुर भदेशवा गांव के एक मकान में चोरी-छिपे चल रही संदिग्ध गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ है। बजरंग दल और श्री राम सनातन सेवा समिति के कार्यकर्ताओं को गुप्त जानकारी मिली थी कि एक आवासीय मकान में चर्च का रूप देकर गरीब हिंदुओं को लालच दिया जा रहा है। सूचना मिलते ही हिंदू संगठनों के पदाधिकारी करीब 2 बजे भारी संख्या में मौके पर धमक पड़े।

जैसे ही संगठन के कार्यकर्ता मकान के भीतर पहुंचे, वहां अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। मौके पर कई लोग जमा थे, जिनमें से कई मौका पाकर रफूचक्कर हो गए। वहां तलाशी के दौरान विशेष धार्मिक किताबें और धर्मांतरण के लिए इस्तेमाल होने वाला तथाकथित पानी बरामद हुआ। कार्यकर्ताओं ने जब वहां मौजूद मुख्य व्यक्ति को दबोचा, तो उसकी पहचान लखनऊ के बरौली खलीलाबाद निवासी




चंद्रिका प्रसाद के तौर पर हुई। आरोपी द्वारा ईसाई प्रचारक होने के बावजूद हिंदू नाम रखकर भोले-भाले ग्रामीणों को गुमराह करने पर तीखा विरोध दर्ज कराया गया। आरोपी पादरी से जब हिंदू नाम इस्तेमाल करने की ठोस वजह पूछी गई, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसी बात पर दोनों पक्षों में तीखी बहस हुई और काफी देर तक हंगामा चलता रहा। हिंदू रक्षा संगठनों का स्पष्ट आरोप है कि सनातन धर्म के लोगों को भ्रमित करने और उनका मतांतरण कराने के इरादे से ही इस तरह की फर्जी पहचान बनाई गई थी। ग्रामीण इलाके में चल रहे इस अवैध खेल की भनक लगते ही पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। गांव में बढ़ते तनाव और भारी हंगामे की खबर मिलते ही स्थानीय मोहनलालगंज थाना पुलिस मुस्तैदी से घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस बल ने स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लिया और मुख्य आरोपी चंद्रिका प्रसाद समेत वहां मौजूद अन्य संदिग्धों को अपनी हिरासत में ले लिया। सभी लोगों को तत्काल थाने ले जाया गया, जहां वरिष्ठ अधिकारी पूरे मामले की गहन पड़ताल कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीणों से मिली शिकायत और बरामद सामान के आधार पर निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रेमी ने दिनदहाड़े गंडासे से काट डाला प्रेमिका का पति, किए 17 वार, बोला- मैं ना मारता तो वो मुझे मार देता

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है. यहां शनिवार को दिनदहाड़े हाशिम नाम के एक युवक ने तालिब नाम के व्यक्ति की गंडासे से काटकर निर्मम हत्या कर दी.

इस पूरी खौफनाक वारदात का छ्ष्टञ्जङ्क फुटेज पास ही के एक मकान में लगे कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वायरल वीडियो में आरोपी बेरहमी से तालिब पर एक के बाद एक गंडासे से 17 वार करता हुआ साफ नजर आ रहा है. घटना के बाद हरकत में आई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर आरोपी की तलाश के लिए दो टीमों का गठन किया था. रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी हाशिम मंदवाड़ा से लुहासना की तरफ आ रहा है. पुलिस को देखते ही आरोपी पास के गन्ने के खेत में छुप गया और पुलिस टीम पर जान से



मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक गोली आरोपी हाशिम के पैर में जा लगी, जिसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया. मुठभेड़ के बाद पुलिस हिरासत में अस्पताल ले जाते समय आरोपी हाशिम मीडिया के कैमरों के सामने यह कहता नजर आया, 'अगर मैं उसे (तालिब को) ना मारता, तो वह मुझे मार देता.' जांच में सामने आया है कि मृतक तालिब की पत्नी के साथ आरोपी हाशिम के अवैध संबंध थे. इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था और हाशिम ने रंजिश में आकर तालिब पर गंडासे से जानलेवा हमला कर दिया. इलाज के दौरान तालिब ने दम तोड़ दिया. मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया- थाना बुढ़ाना क्षेत्र में हाशिम नाम के व्यक्ति ने तालिब पर गंडासे से जानलेवा हमला किया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई थीं. मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की. जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है और उसे सीएचसी बुढ़ाना में भर्ती कराया गया है. आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल गंडासा बरामद कर लिया गया है.

# शादी तो मुझसे ही होगी! समस्तीपुर से औरंगाबाद पहुंची प्रेमिका, सिपाही जी को थाने से ले गई मंदिर

( यंग भारत न्यूज )

सच्चे प्यार की राह में दूरियां कभी रुकावट नहीं बनतीं, इस बात को समस्तीपुर की पूजा ने साबित कर दिखाया। बिहार पुलिस में तैनात अपने प्रेमी अंकुश की शादी कहीं और तय होने की खबर पाकर पूजा चुप नहीं बैठी। वह घरवालों को बिना बताए समस्तीपुर से 250 किलोमीटर दूर औरंगाबाद के अंबा पहुंच गई। वहां प्रेमी के सामने आने के बाद कहासुनी शुरू हो गई और मामला थाने तक जा पहुंचा। पुलिस की समझदारी और दोनों परिवारों की रजामंदी से इस प्रेम कहानी का अंत सुखद मोड़ पर हुआ और दोनों विवाह के बंधन में बंध गए।



जानकारी के अनुसार समस्तीपुर की रहने वाली पूजा कुमारी और अंकुश की मुलाकात स्कूल में पढ़ाई के दौरान हुई थी। एक ही स्कूल में पढ़ने के कारण दोनों के बीच दोस्ती हुई। फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। शुरुआत में जब अंकुश ने पूजा के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था, तब उसने इनकार कर दिया था। बाद में अंकुश ने शादी का भरोसा दिलाया और दोनों के बीच करीब चार साल तक प्रेम संबंध चलता रहा। तीन साल पहले अंकुश का बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर चयन हो गया। नौकरी लगने के बाद वह ड्यूटी पर चला गया, लेकिन पूजा से उसकी बातचीत जारी रही। इसी बीच पूजा के परिवार वाले उसकी शादी के लिए रिश्ता तलाशने लगे। पूजा ने जब अंकुश से शादी करने की बात कही तो उसने तत्काल शादी करने में असमर्थता जताई। इसके बाद पूजा को जानकारी मिली कि अंकुश की शादी कहीं और तय हो गई है। यह सुनकर उसने हार नहीं मानी। वह घरवालों को बिना बताए समस्तीपुर से करीब 250 किलोमीटर दूर औरंगाबाद के अंबा पहुंच गई। वहां पहुंचने के बाद पूजा और अंकुश के बीच कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ता देख आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को थाने ले गई। पुलिस की पूछताछ में दोनों के करीब चार साल पुराने प्रेम संबंध की बात सामने आई। इसके बाद दोनों के परिजनों को थाने बुलाया गया। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि दोनों बालिग हैं और पहले से एक-दूसरे के साथ प्रेम संबंध में थे। परिवार के लोगों की मौजूदगी और सहमति के बाद दोनों की शादी सतबहिनी मंदिर में करा दी गई। जिस रिश्ते को बचाने के लिए पूजा ने अपने घर से करीब 250 किलोमीटर का सफर तय किया था, आखिरकार वह रिश्ता शादी के बंधन में बदल गया। पुलिस और दोनों परिवारों की मौजूदगी में मंदिर में दोनों ने एक-दूसरे का हाथ थाम लिया। इस तरह प्यार की जीत हो गई।

# जेल में अपने पार्टनर के साथ सेक्स कर सकेंगे कैदी बेड के' साथ 2 घंटे के लिए मिलेगा प्राइवेट रूम

( यंग भारत न्यूज )

इटली में यह व्यवस्था संवैधानिक कोर्ट के एक फैसले के बाद आई है जिसमें कहा गया था कि कैदियों को जेल के बाहर मुलाकात के दौरान अपने साथियों के साथ अंतरंग पल बिताने का अधिकार है.

कैदियों के अधिकारों के लिए अम्ब्रिया के लोकपाल ग्यूसेप्पे कैफोरियो ने टेर्नी की जेल में हुई पहली अंतरंग मुलाकात के बारे में कहा कि हम कह सकते हैं कि यह एक तरह का प्रयोग था जो अच्छा रहा. अगले कुछ दिनों में और भी अन्य मुलाकातें होंगी. बता दें कि 2024 में कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में कहा था कि कैदियों को अपने जीवनसाथी के साथ निजी पल बिताने का अधिकार होना चाहिए और उनपर किसी जेल गार्ड की निगरानी नहीं होनी चाहिए. बता दें कि फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, नीदरलैंड, स्वीडन सहित अधिकांस यूरोपीय देशों में कैदियों को अपने शादीशुदा पार्टनर के साथ एकांत में



समय बिताने की अनुमति है. पिछले हफ्ते न्याय मंत्रालय ने नए दिशा-निर्देश जारी कर कहा था कि अंतरंग मुलाकातों के दौरान कैदियों को बिस्तर और शौचालय से सुसज्जित एक निजी कमरा कम से कम 2 घंटे के लिए मिलना चाहिए. आदेश में यह भी कहा गया कि एकांत में मुलाकात के दौरान कमरे का दरवाजा खुला होना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर गार्ड हस्तक्षेप कर सकें.

# संबंध जुड़ने के बाद सास को पसंद आ गई दामाद की ये चीज बेटी' की शादी से पहले खुद हो गई फरार

( यंग भारत न्यूज )

सोशल मीडिया के इस युग में हम जीतनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं उतनी ही तेजी से रिश्तों की मर्यादा भी खत्म होते जा रही है। लोग न तो उम्र का लिहाज कर रहे हैं और न तो जन्म के बंधन को मान रहे हैं।

जी हां हाल ही में उत्तर प्रदेश से कई ऐसे मामले सामने आए हैं जो रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर रहे हैं। बीते दिनों देखा गया था कि अलीगढ़ में सास अपने होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई थी। इस मामले को लेकर जमकर बवाल मचा था। वहीं अब उत्तर प्रदेश से ऐसा ही एक मामला सामने आया है। दरअसल ये मामला बस्ती जिले के दुबैलिया इलाके का है, जहां रहने वाले लड़के का गोंडा जिले की युवती से तय हुआ था। रिश्ता तय होने के 4 महीने बाद युवक-युवती की शादी होनी थी। रिश्ता तय होने के बाद युवक-युवती में बातचीत होने लगी। वहीं, इस दौरान युवती की मां भी अपने होने वाले दामाद से बात करने लगी। लेकिन घर वालों को इस बात की जरा भी आशंका नहीं थी कि बेटी से ज्यादा



मां अपने दामाद की करीबी बन जाएगी। हालांकि सास-दामाद के अफेयर की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने रिश्ता तोड़ दिया। रिश्ता टूटने के बाद युवती की शादी कहीं और तय कर दी गई, जहां मई में दोनों की शादी होनी थी। दूसरी ओर युवती की मां की अपने पहले होने वाले दामाद से लगातार बातचीत जारी था। इस बीच दोनों ने घर से भागकर शादी करने का फैसला कर लिया और तीन दिन पहले दोनों फरार हो गए। हालांकि महिला के घर से गायब होने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन वो कहीं नहीं मिली। फिलहाल परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और महिला की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें बरामद कर लिया जाएगा। युवक और महिला की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। मोबाइल लोकेशन खंगाली जा रही है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। बता दें कि बस्ती की यह घटना हाल ही में अलीगढ़ के मामले से काफी मिलती-जुलती है। वहां भी एक महिला अपने होने वाले दामाद के साथ भाग गई थी। वहां भी सगाई के बाद लड़की की मां और दामाद के बीच बातचीत शुरू हुई थी, जो बाद में प्रेम संबंध में बदल गई थी। अलीगढ़ मामले की तरह ही बस्ती में भी परिवार और समाज को गहरी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है।

# चीफ जस्टिस की तस्वीर, मरी मछलियां और... बिलासपुर के श्मशान में तंत्र क्रिया का वीडियो वायरल, इलाके में मचा हड़कंप

( यंग भारत न्यूज )

**बिलासपुर।** सीपत क्षेत्र के ग्राम देवरी स्थित श्मशान घाट में सात अगस्त की रात कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियों ने ग्रामीणों को हैरान कर दिया। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो वहां मौजूद लोग भागने लगे।

ग्रामीणों ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसके साथी मौके से फरार हो गए। पकड़े गए युवक को बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया। श्मशान घाट में ग्रामीणों को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और दो अन्य लोगों की तस्वीरें मिलीं। इसके अलावा वहां कुछ मरी हुई मछलियां भी पड़ी थीं। इस दृश्य को देखकर ग्रामीणों में चर्चा शुरू हो गई। सूचना मिलने पर सीपत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पकड़े गए युवक से पूछताछ शुरू की। ग्राम देवरी में सात अगस्त की रात श्मशान घाट के आसपास कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों को दी। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग श्मशान घाट पहुंच गए। ग्रामीणों की भीड़ को देखकर वहां मौजूद युवक भागने लगे। ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान एक युवक उनके हाथ लग गया, जबकि उसके अन्य साथी भागने में सफल रहे। ग्रामीणों ने पकड़े गए युवक को सीपत पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने युवक की पहचान राजकिशोर नगर निवासी ऋषिकेश कुमार के रूप में की है। श्मशान घाट की जांच के दौरान चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और दो अन्य लोगों की तस्वीरें वहां रखी मिलीं। साथ ही मरी हुई मछलियां और कुछ अन्य सामान भी मौजूद था। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में ऋषिकेश कुमार ने बताया कि उसका रिश्तेदार प्रियांशु बोले चाकूबाजी के मामले में जेल में बंद है। तोरवा पुलिस ने प्रियांशु बोले को चाकूबाजी के मामले में गिरफ्तार किया था। न्यायालय के आदेश के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार प्रियांशु बोले की जमानत के लिए हाई कोर्ट में आवेदन लगाया गया है।



ऋषिकेश कुमार ने पूछताछ में बताया कि जमानत के लिए इंटरनेट मीडिया के माध्यम से एक तांत्रिक से संपर्क किया गया था। इसके बाद वह तंत्र क्रिया के लिए श्मशान घाट पहुंचा था। पुलिस अब युवक के बयान की तस्दीक कर रही है। साथ ही घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका और श्मशान घाट में की गई गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूछताछ में यह भी सामने आया कि जमानत के लिए तंत्र साधना कराने के उद्देश्य से सोशल मीडिया के माध्यम से तांत्रिक से संपर्क किया गया था। इसके बाद श्मशान घाट में तंत्र क्रिया किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में अभी विस्तृत जानकारी देने से परहेज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पूछताछ के बाद ही घटना से जुड़ी अन्य कड़ियां स्पष्ट हो सकेंगी। देवरी क्षेत्र में इससे पहले भी तंत्र क्रिया से जुड़ी संदिग्ध गतिविधि सामने आ चुकी है। कुछ महीने पहले गांव में रहने वाले एक ग्रामीण के घर के आंगन में कुछ लोगों ने मरी हुई मुर्गी, नींबू और अन्य सामान फेंक दिया था। इसके बाद तंत्र क्रिया किए जाने की चर्चा हुई थी। यह मामला काफी समय तक गांव में चर्चा का विषय बना रहा। अब एक बार फिर देवरी के श्मशान घाट में मरी हुई मछलियों और अन्य सामान के साथ चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और दो अन्य लोगों की तस्वीरें मिलने से ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। श्मशान घाट में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में ग्रामीण पकड़े गए युवक से सवाल करते दिखाई दे रहे हैं। शुरुआत में युवक कुछ भी बताने से बचता रहा। ग्रामीणों की मौजूदगी में पुलिस ने उससे पूछताछ की। जैसे ही चीफ जस्टिस से जुड़ी तस्वीरों का मामला सामने आया, पुलिस युवक को सीधे थाने ले गई। इस दौरान युवकों की बातचीत से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पकड़े गए युवक से पूछताछ के आधार पर उसके साथ मौजूद अन्य लोगों और कथित तंत्र क्रिया से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# फर्नांडीज का शानदार प्रदर्शन, तोड़ा हार का सिलसिला, अंतिम 16 में एंट्री

**कैनेडियन ओपन : लैला ने पांचवीं वरियता प्राप्त मीरा आंद्रीवा को दी मात**



मॉन्ट्रियल

यूएस ओपन 2021 के फाइनल तक का सफर तय करने वाली कनाडा की टेनिस खिलाड़ी लैला फर्नांडीज ने कैनेडियन ओपन के महिला एकल मुकाबले के तीसरे दौर में रूस की मीरा आंद्रीवा को हराया। मीरा आंद्रीवा इस साल फ्रेंच ओपन (रोलैंड गैरोस) की रनरअप रही है। इस जीत के साथ फर्नांडीज ने दुनिया की टॉप-10 खिलाड़ियों के खिलाफ लगातार 7 हार का सिलसिला भी खत्म कर दिया। फर्नांडीज ने पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रीवा के खिलाफ मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए हार का सिलसिला तोड़ा और अपने देश के इस खास टूर्नामेंट में अपने अब तक के सबसे अच्छे नतीजे की बराबरी की। इस जीत के साथ ही 30वीं रैंकिंग वाली फर्नांडीज अब राउंड ऑफ 16 में पूर्व यूएस ओपन विजेता और जापान की खिलाड़ी नाओमी ओसाका से भिड़ेंगी।

### मेरे लिए सबसे जरूरी था सकारात्मक रहना : फर्नांडीज

फर्नांडीज ने कहा, मेरे लिए सबसे जरूरी था सकारात्मक रहना, मजबूत बने रहना और सब्र रखना। मुझे पता था कि वह आसानी से प्वाइंट नहीं देने वाली थी। शुरुआत में कई लंबी रैलियां हुईं और मेरे लिए महत्वपूर्ण था कि मैं डटी रहूं, अपनी काबिलियत पर भरोसा रखूं और पूरे मैच के दौरान अपना गेम खेलती रहूं। फर्नांडीज ने कहा, मैं खुद से कह रही थी कि बस गेंद को वापस कोर्ट में डालना है। मैंने लगातार अच्छा खेलने और एक के बाद एक शॉट लगाने की काफी प्रैक्टिस की है, और ऐसी रैलियां खेलने की कोशिश की है जिनमें हममें से कोई भी गलती न करे। मैं हमेशा इसी सोच पर वापस आती हूं। मुझे पता है कि मैं ऐसा कर सकती हूं।

### आंद्रीवा के खिलाफ आसानी से बढ़त बनाई

फर्नांडीज ने खराब फॉर्म से जूझ रही आंद्रीवा के खिलाफ 6-1, 5-1 तक आसानी से बढ़त बनाए रखी, लेकिन फिर 20 साल की आंद्रीवा ने वापसी की और आठवें गेम में 0-30 से पिछड़ने के बावजूद गेम अपने नाम किया और स्कोर 5-4 कर दिया। हालांकि 5-4 के स्कोर पर फर्नांडीज की सर्विस के दौरान 0-15 पर फोरहैंड शॉट चूकना निर्णायक साबित हुआ और 30वीं सीड फर्नांडीज ने तीन प्वाइंट बाद जीत पक्की कर ली। मैच के आंकड़े बाएं हाथ की खिलाड़ी की रणनीति के हिसाब से रहे। आंद्रीवा ने पहले सेट में 19 और पूरे मैच में 34 अनफोर्स्ड एरर (बिना दबाव के गलतियां) किए, जो उनके 17 विनर्स से दोगुने थे। वहीं, फर्नांडीज का खेल सधा हुआ था। उन्होंने आठ विनर्स लगाए और सात अनफोर्स्ड एरर किए।

**अभ्यास मैच : श्रीलंका इलेवन ने पहली पारी 363 रन बनाकर की पारी घोषित**

# पडिक्कल के शतक से भारत का पलटवार, पंत-जायसवाल फ्लॉप

कोलंबो

टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे पर होने वाले अभ्यास मैच के पहले दिन भारतीय गेंदबाज, जहां बैकफुट पर नजर आए, वहीं दूसरे दिन बड़े-बड़े बैटर्स तो नहीं चले, लेकिन देवदत्त पडिक्कल का बल्ला जरूर गरजा।

भारत के लिए इंजर्ड रहने वाले शुभमन गिल बैटिंग करने नहीं आए तो साई सुदर्शन भी इंजरी के चलते बैटिंग नहीं कर सके। जबकि जायसवाल, पंत और जुरेल कुछ खास नहीं कर सके। हालांकि, साई की जगह नंबर तीन पर खेलने वाले पडिक्कल ने शतकीय (142 रन) पारी खेली, जिससे भारत ने तीन दिवसीय मैच के दूसरे दिन के अंत तक 8 विकेट पर 357 रन बनाए और श्रीलंका क्रिकेट इलेवन की टीम ने पहले दिन पहली पारी में 363 रन बनाए थे। अब ये अभ्यास मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ता नजर आ रहा है और तीसरे दिन भारतीय गेंदबाज फिर से अपना जलवा दिखाना चाहेंगे।



### पडिक्कल ने खेली शानदार पारी

*पहले दिन श्रीलंका ने 8आठ विकेट पर 363 रन बनाए और इसके बाद दूसरे दिन फिर श्रीलंका ने पारी घोषित कर दी, जिसके चलते श्रीलंका क्रिकेट इलेवन की टीम ने पहली पारी में 363 रन ही बनाए। इसके बाद भारत के लिए ओपनिंग करने आए यशस्वी जायसवाल कुछ खास नहीं कर सके और सिर्फ दो गेंद में शून्य पर चलते बने। जायसवाल के बाद हालांकि केएल राहुल और देवदत्त पडिक्कल के बीच दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी हुई। तभी राहुल 67 गेंद में 5 चौके और एक छक्के से 40 रन बनाकर चलते बने।*

### सुदर्शन श्रीलंका दौरे से बाहर

श्रीलंका के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले रविवार को भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा। टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज साई सुदर्शन पैर के अंगूठे में लगी चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गए। साई को स्क्वाड में चुना गया था लेकिन साथ में जानकारी दी गई थी कि फिट होने पर ही वह खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। साई सुदर्शन चोट के कारण भारतीय टीम के साथ श्रीलंका नहीं गए थे। बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे। साई को भारत ए के श्रीलंका दौरे पर चोट लगी थी।

### जडेजा और गुरनूर ने भी खोले हाथ

96 पर भारत का दूसरा विकेट गिरा तो रवींद्र जडेजा ने मोर्चा संभाला और पडिक्कल ने भी जमकर शॉट्स लगाए। साई सुदर्शन के इंजर्ड होने पर नंबर तीन पर खेलने वाले पडिक्कल ने 121 गेंद में 14 चौके से 103 रन की शतकीय पारी खेली और बाकी बल्लेबाजों को मौका देने के चलते रिटायर्ड आउट होकर मैदान से बाहर चले गए। जबकि जडेजा भी 63 रन बनाकर बिना आउट हुए मैदान से बाहर चले गए थे। इसके बाद लेकिन ऋषभ पंत (2), ध्रुव जुरेल (1) कुछ खास नहीं कर सके, तो मानव सुथार ने 41 रन की पारी खेली। भारत के एक समय 256 पर 8 विकेट गिर गए थे, तो फिर से पडिक्कल मैदान में आ गए और उन्होंने 103 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। इसके बाद अंत में गुरनूर बराड़ बैटिंग करने आए और उन्होंने दिन के आखिरी ओवर में लगातार चार छक्के उड़ा दिए, जिससे भारत ने दूसरे दिन के अंत तक आठ विकेट पर 357 रन बनाए और 18 गेंद में 36 रन बनाकर बराड़, तो 142 रन बनाकर पडिक्कल नाबाद रहे। इस तरह टीम इंडिया दूसरे दिन के अंत तक श्रीलंका क्रिकेट इलेवन से पहली पारी के आधार पर सिर्फ छह रन ही पीछे रही।

### खबर संक्षेप



#### डेविस कप : दक्षिण कोरिया से क्वालीफायर खेलेगा भारत

नई दिल्ली। दक्षिण कोरिया 18 और 19 सितंबर को भारत के खिलाफ डेविस कप दूसरे दौर के क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। भारत इस समय डेविस कप रैंकिंग में 19वें और कोरिया 16वें स्थान पर है। कोरिया का भारत के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 6-5 का है। भारतीय टीम का चयन 10 अगस्त को किया जाएगा। दोनों टीमों के बीच पिछला मुकाबला एक दशक पहले हुआ था जब भारत ने चंडीगढ़ में एशिया ओशियाना ग्रुप एक के मुकाबले में 4-1 से जीत दर्ज की थी। दूसरे दौर में विजयी रहने वाली टीम नवंबर में होने वाले अंतिम आठ मुकाबले में जगह बनाएगी। कोरिया 2022 और 2023 में 16 टीमों के डेविस कप फाइनल में पहुंच चुका है।

#### 1 करोड़ हुई लद्दाख मैराथन की पुरस्कार राशि



लेह। लद्दाख मैराथन की पुरस्कार राशि 1 करोड़ रुपए कर दी गई है। आयोजकों ने यह घोषणा की। लद्दाख मैराथन 10 से 13 सितंबर तक आयोजित की जाएगी और इसमें लगभग 10000 धावकों के भाग लेने की संभावना है। आयोजकों ने कहा, 'इस वर्ष इस प्रतियोगिता में भारत के 28 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों के धावक भाग लेंगे। इसके अलावा दुनिया भर के धावक भी इसमें अपने-अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।' केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रशासनिक सचिव संजीत रोड्रिग्स ने कहा, 'केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल ने पुरस्कार राशि को बढ़ाकर एक करोड़ रुपए करने का फैसला किया है।

# अष्मिता ने फाइनल में बनाई जगह

**कोरिया मास्टर्स : सेमीफाइनल में हमवतन रक्षिता को हराया**

आसन

अष्मिता चालिहा ने कोरिया मास्टर्स सुपर 300 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हमवतन रक्षिता श्री संतोष रामराज को 21-13, 16-21, 21-13 से हराकर पहली बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में प्रवेश कर लिया। तीन महीने चोट के कारण कोर्ट से बाहर रही 26 वर्ष की चालिहा मकाउ ओपन में सेमीफाइनल तक पहुंची थी। क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी जापान की हिना अकेची को हराकर वह सेमीफाइनल में पहुंची थी। रक्षिता ने क्वार्टर फाइनल में तन्वी शर्मा को हराया था। विश्व रैंकिंग में 50वें स्थान पर काबिज चालिहा अब खिताब के लिए चीन की हान कियान शी से भिड़ेंगी।

- खिताब के लिए कियान शी से भिड़ेंगी चालिहा



### चालिहा ने की आक्रामक शुरुआत

चालिहा ने आक्रामक शुरुआत की और पहले ही गेम में 6-2 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक हासिल कर 13-6 की बढ़त बना ली और फिर यह गेम अपने नाम करने में देर नहीं लगाई। रक्षिता ने हालांकि दूसरे गेम में बहुत अच्छी वापसी की। उन्होंने इस गेम में शुरू से लेकर आखिर तक बढ़त बनाए रखी और मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। चालिहा ने तीसरे गेम में शानदार शुरुआत की और अपने करारे स्मैश के दम पर जल्दी ही 9-1 की बढ़त बना ली। इस बीच रक्षिता ने कुछ गलतियां कीं, जिसका चालिहा ने पूरा फायदा उठाया। हैदराबाद की रहने वाली रक्षिता ने स्कोर का अंतर 7-12 तक कर दिया, जिसके बाद चालिहा ने फिर से अपनी लय हासिल करके स्कोर 15-7 कर दिया। चालिहा ने इसके बाद भी मैच प्वाइंट हासिल किए और दो मौके गंवाने के बाद मैच अपने नाम कर लिया।

### फ्लिंटाफ ने छोड़ा इंग्लैंड लायंस के कोच का पद



लंदन। पूर्व हरफनमौला एंड्रयू फ्लिंटाफ ने इंग्लैंड लायंस के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। फ्लिंटाफ ने सितंबर 2024 में यह पद संभाला था। उन्होंने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के जारी बयान में कहा ,' मैंने लायंस के साथ अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा,' मैंने देश के सर्वश्रेष्ठ युवा क्रिकेटरों के साथ काम करने का पूरा मजा लिया और उन्हें आगे बढ़ते देखने में गर्व महसूस किया।' फ्लिंटाफ अब बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स टीम के मुख्य कोच होंगे।

# 5000वां वनडे : स्कॉटलैंड ने रोमांचक मुकाबले में कनाडा को दी शिकस्त

डन्डी

वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत 1971 ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुई थी। पहले वनडे मैच के करीब 55 साल बाद इस फॉर्मेट ने एक और ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया। मेंस वनडे क्रिकेट के लिए बहुत खास रहा क्योंकि इस फॉर्मेट में 5000वां इंटरनेशनल मैच खेला गया। स्कॉटलैंड ने एक रोमांचक मुकाबले में कनाडा को हराकर इसे यादगार बना दिया। स्कॉटलैंड के डन्डी में मेंस वर्ल्ड कप लीग 2 के इस मुकाबले के साथ ही वनडे क्रिकेट ने 5000 मैच का पड़ाव छू लिया। अब इस मौके पर विश्व क्रिकेट की किन्हीं 2 बड़ी टीमों की टक्कर तो नहीं हुई लेकिन स्कॉटलैंड और कनाडा ने अपनी ओर से इस यादगार मुकाबले को रोमांचक बनाने की पूरी कोशिश की और उसमें दोनों टीम सफल भी रहीं। बस सफलता स्कॉटलैंड के हाथ लगी। मैच की मेजबानी कर रही स्कॉटिश टीम ने पहले बैटिंग की।



मगर इसके बावजूद स्कॉटलैंड ने 7 विकेट खोकर 281 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। ऐसा इसलिए हो सका क्योंकि ओपनर फिनले मैक्क्रीथ ने एक समझदारी भरी पारी खेली। अपना 18वां वनडे मैच खेल रहे मैक्क्रीथ ने पहली बार शतक जमाते हुए 120 रन बनाए।

### राशिद ने चटकाए 6 विकेट, अफगान की बड़ी जीत



क्लौंडी। जिस दिन वनडे क्रिकेट के 5000वें मैच की चर्चा हो रही थी, उसी दिन इस फॉर्मेट का 4999वां मैच भी खेला गया। सिर्फ कुछ मिनटों के अंतर के कारण दोनों मुकाबलों की ऐतिहासिक अहमियत में अंतर आ गया। मगर मुकाबले की बात करें तो 4999वां मैच भी खास साबित हुआ क्योंकि अफगानिस्तान ने इस मैच में आयरलैंड को उसके ही घर में 92 रन से हरा दिया। इस जीत के हीरो रहे अफगानिस्तान के सबसे बड़े स्टार राशिद खान, जिन्होंने 3 साल के लंबे इंतजार के बाद एक पारी में 6 विकेट झटके लिए।

**एशिया कप में खेलना संदिग्ध**

# भारत को झटका, चोट के कारण 'द हंड्रेड' से बाहर हुईं जेमिमा



नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की प्रमुख बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स सदर्न ब्रेव तरफ से खेलते हुए मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग) के कारण मौजूदा 'द हंड्रेड' क्रिकेट टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं और उनका आगामी महिला टी20 एशिया कप में खेलना भी संदिग्ध है।

सदर्न ब्रेव ने पुष्टि की कि टूर्नामेंट के शेष मैचों के लिए जेमिमा की जगह ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया गया है। सदर्न ब्रेव ने एक्स पर पोस्ट किया, 'हम पुष्टि करते हैं कि जेमिमा रोड्रिग्स के चोट के कारण 'द हंड्रेड' से बाहर हो जाने के बाद बाकी बचे मैचों के लिए उनकी जगह चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया गया है। जेमी हम आपके जल्द से जल्द फिट होने की कामना करते हैं।' 25 वर्षीय जेमिमा ने ब्रेव की तरफ से छह पारियों में 35.75 के औसत और 131.19 के स्ट्राइक रेट से 143 रन बनाए। उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 42 रन रहा।

महिला टी20 एशिया कप 28 अगस्त से शुरू होगा, जिसमें भारत 30 अगस्त को थाईलैंड के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। जेमिमा के पास इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट तक फिट होने के लिए लगभग तीन सप्ताह का समय है।

**विश्व अंडर 20 चैंपियनशिप: पूजा सिंह ने ऊंची कूद के फाइनल में बनाई जगह**

# भालाफेंक में यादव ने खोला खाता, जीता रजत पदक

यूजीन

आशीष यादव ने विश्व एथलेटिक्स अंडर 20 चैंपियनशिप में पुरुषों के भालाफेंक में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला जबकि राष्ट्रीय सीनियर रिकॉर्डधारी पूजा सिंह ने महिलाओं की ऊंची कूद के फाइनल में जगह बना ली। यादव ने तीसरे दौर में 74.09 मीटर का थ्रो फेंककर रजत पदक हासिल किया। वहीं भारत के टी. धरणीधरन 72.35 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे। यादव अपने सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन से 40 सेमी पीछे रह गए। उन्होंने मार्च में पटियाला में इंडियन ओपन थ्रो प्रतिस्पर्धा में 74.49 मीटर का थ्रो फेंका था।



### चोपड़ा के बाद पदक जीतने वाले बने दूसरे भारतीय

19 वर्ष के यादव दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के बाद इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए। चोपड़ा ने 2016 में पोलैंड में 86.48 मीटर के विश्व जूनियर रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था। यह रिकॉर्ड आज भी उनके नाम है। दक्षिण अफ्रीका के जान हेंड्रिक हेमैंस ने 80.50 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं डोमिनिका के एडिसन जेम्स को कांस्य पदक मिला, जिन्होंने 73 . 89 मीटर का थ्रो फेंका था।

### पूजा ने लगाई 1.79 मीटर की लंबी कूद

महिलाओं की ऊंची कूद में पूजा ने 1.79 मीटर के साथ फाइनल में जगह बनाई। दोनों क्वालीफिकेशन ग्रुप से 1.79 मीटर की बाधा पार करने वाले को फाइनल में जगह मिली। पुरुषों की लंबी कूद में शाहनवाज खान और जितिन अर्जुन ने फाइनल में जगह बना ली। शाहनवाज क्वालीफिकेशन ग्रुप ए में 7.79 मीटर की कूद के साथ चौथे और कुल पांचवें स्थान पर रहे जबकि जितिन 7.57 मीटर की कूद लगाकर 12वें स्थान पर रहे। महिलाओं की भालाफेंक स्पर्धा में पूनम अपने क्वालीफिकेशन ग्रुप में आठवें और कुल 13वें स्थान के साथ फाइनल में जगह नहीं बना सकी।

{ आवरण कथा }

आगामी 15 अगस्त को हम सब भारतवासी 80वां स्वाधीनता दिवस का उत्सव मनाएंगे। इस आठ दशकीय यात्रा में किन क्षेत्रों में देश ने शानदार उपलब्धियां हासिल कीं? क्षेत्र, धर्म, जाति के नाम पर होने वाले सामाजिक बंटवारे और विघटनकारी राजनीति देश के विकास में कितनी बड़ी बाधा है? और हमारा भारतवर्ष, विश्वगुरु या कहें विश्व की महाशक्ति बनने का स्वप्न कैसे पूरा कर सकता है? इन सवालों पर अपने विचार व्यक्त कर रही हैं विभिन्न क्षेत्रों की कुछ जानी-मानी हस्तियां।

# हमारा भारत कैसे बनेगा महाशक्ति



## सबसे जरूरी है देशवासियों का शिक्षित-जागरूक होना

**तलवंत सिंह** सेवानिवृत्त न्यायाधीश दिल्ली उच्च न्यायालय



आजादी के बाद पिछले आठ दशकों में हमने प्रमुख तौर पर जो उपलब्धियां हासिल कीं, उनमें सबसे प्रमुख है देश के 80 करोड़ लोगों को फूड सिक्योरिटी देना। अब कोई हिंदुस्तानी भूखा नहीं सोता। दूसरा यह कि स्पेस टेक्नोलॉजी में हमने बहुत शानदार सफलता हासिल की है। एंटरप्रेन्योरशिप में भी हमारी अच्छी उपलब्धियां रही हैं। सर्विस सेक्टर में, खासतौर पर आईटी सेक्टर में, भारत काफी आगे बढ़ा है। मैं समझता हूं कि ये भारत की काफी बड़ी उपलब्धियां हैं।

यह चिंताजनक बात है कि हमारे देश में अधिकांश राजनीतिक पार्टियां धर्म, जाति और क्षेत्रवाद के नाम पर लोगों को बांटती हैं, क्योंकि उन्हें अपना वोटबैंक पक्का करना होता है। उनकी यह नीति देश के विकास में बहुत बड़ी बाधा है। चूंकि आम जनता इन पार्टियों के अंदर छिपी राजनीति को समझ नहीं पाती। इसलिए इन राजनीतिक दलों के बहकावे में आ जाती है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान आम जनता का ही होता है। इससे मुक्ति पाने के लिए हमें सभी लोगों को शिक्षित और जागरूक करना होगा। शिक्षित समाज को बांटना इतना आसान नहीं होता। शिक्षित समाज को जाति, धर्म के नाम पर लड़ाना, दंगे कराना भी आसान नहीं होता। इसलिए हमें समाज में शिक्षा का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना चाहिए। अगर हर भारतीय शिक्षित हो जाए तो कोई भी पार्टी जनता को जाति, धर्म या क्षेत्रवाद के नाम पर नहीं बांट पाएगी।

जहां तक सवाल भारत के विश्वगुरु या महाशक्ति बनने का है तो हमारे देश की आबादी बहुत ज्यादा है। हम लोग पढ़े-लिखे हैं और मेहनती भी हैं। इसी को हमें अपने देश की सबसे बड़ी शक्ति बनाना होगा। इसी के आधार पर हम देश को आगे ले जा सकते हैं। जैसा मैंने पहले कहा कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार बहुत ज्यादा जरूरी है। शिक्षित भारत ही विश्वगुरु बन सकता है। यदि देश की सारी शक्तियां एकत्र होकर एक जगह पर रहें और हम धर्म, जाति

## हम सभी को विघटनकारी सोच से बचना चाहिए

**बिजेंद्र काला** अभिनेता



हम अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं। इन अस्सी सालों में हमने ज्यादातर क्षेत्रों में तरक्की की है। इन अस्सी सालों में जितनी भी सरकारें आईं, सबने अपने स्तर पर देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। हालांकि कुछ क्षेत्र ऐसे हैं, जो अभी भी उपेक्षित हैं, जैसे दूर-दराज के वे गांव, जहां आज तक बिजली नहीं पहुंच पाई और कुछ तो ऐसे दूर-दराज के क्षेत्र हैं, जहां पानी भी नहीं पहुंच पाया है। उम्मीद है कि आने वाले समय में धीरे-धीरे ये समस्याएं भी दूर हो जाएंगी। जहां तक देश की प्रगति में बाधाओं का सवाल है तो धर्म, जाति और क्षेत्रवाद हमारे देश के नागरिकों की सबसे बड़ी कमजोरियां हैं। चिंताजनक बात है कि राजनीतिक दल इस कमजोरी का जमकर फायदा उठाते हैं। ऐसे में सभी नागरिकों को यह सोच रखनी चाहिए कि हम अपने धर्म का तो सम्मान करें ही साथ ही दूसरे के धर्म का भी सम्मान करें। इसके अलावा जो विघटनकारी सोच के लोग हैं, जो हम लोगों को आपस में लड़वाते रहते हैं, हमें इन सबसे भी बचना चाहिए। हमें इस बात पर नजर रखनी चाहिए कि कोई किस तरह से हम लोगों को अलग करने की कोशिश कर रहा है? हमें स्वयं सजग रहते हुए जितना हो सके भेदभाव बढ़ाने वाली इन बातों से दूरी बनाकर रखना चाहिए। तभी हम इस समस्या से मुक्ति पा सकते हैं। जब हम लोगों का आपस में कोई बैर नहीं होगा। हम लोग आपस में मिलकर प्रेमपूर्वक रहेंगे तो कोई भी हमें अलग नहीं कर सकता। और अगर कोई भी नेता इस प्रकार की बांटने वाली बातें करे तो उसे हम लोगों को मुंह पर ही जवाब देना चाहिए कि यह विविधता ही हमारी पहचान है, यही हमारी शक्ति है। अपना भारत देश विश्वगुरु तभी बन पाएगा, जब हमें, हमारे सारे प्रयासों में सफलता हासिल होगी। हमारा रुपया शीर्ष पर होगा। हमारी जीडीपी ग्रोथ अच्छी होगी। हम महाशक्ति उसी रूप में बन पाएंगे, जब हम हर क्षेत्र में ऊंचाइयां हासिल करेंगे। मुझे लगता है कि हम सब जब पूरी कोशिश करेंगे कि हमारे यहां से गरीबी दूर हो, हमारा देश शिक्षित हो, सब पढ़े-लिखें तभी देश प्रगति करेगा, दुनिया की महाशक्ति बनेगा।

## हम सब लें कर्त्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने का संकल्प

**विनोद पंत** सेवानिवृत्त कर्नल, भारतीय सेना

आजादी के बाद देश की अस्सी वर्ष की यात्रा मिली-जुली रही है। जहां कभी उबड़-खाबड़ रास्ते मिले तो कहीं फूलों से भरी वादियां। अब सवाल यह है कि इस यात्रा में हमने क्या हासिल किया तो एक सैनिक के तौर पर मैं देश की सबसे बड़ी उपलब्धि मानता हूं आत्मनिर्भरता। जिसका ताजा उदाहरण है, इसरो का मंगल और चंद्रयान मिशन। डिजिटल इंडिया और भौतिक बुनियादी ढांचा यानी एक्सप्रेस वे, इंडियन रेलवे की उपलब्धियां, नए एयरपोर्ट, ये ऐसी उपलब्धियां हैं, जिन्हें देखकर मन गर्व से भर जाता है। विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया के तहत तेजस, द्रोण और अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक ने यह साबित कर दिया है कि हमारे वैज्ञानिक दुश्मन की हर नापाक कोशिश को नाकाम कर सकते हैं। साथ ही भारत की विदेश नीति ने भारत को विदेशी धरती पर सम्मान दिलाया है। हालांकि कुछ मुद्दे हैं, जहां अभी हम पीछे हैं जैसे हमारी विशाल जन शक्ति के लिए पर्याप्त संसाधनों का अभाव। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में अभी और बेहतर काम करने की आवश्यकता है। जब तक हम अपने विश्वविद्यालयों को वैश्विक अनुसंधान के केंद्र के रूप में नहीं बदलते, तब तक हम इनोवेशन के सुपर पावर नहीं बन सकते। साथ ही विनिर्माण के क्षेत्र में हिस्सेदारी भी कुछ देशों की तुलना में कम है, जिसे मजबूत करना होगा।

जहां तक सवाल क्षेत्र, धर्म और जाति का है तो ये हमारे सबसे ज्यादा संवेदनशील विषय हैं। बाहरी दुश्मन से तो हम हर बार निपट लेते हैं क्योंकि हमारी सेना बहुत मजबूत है। लेकिन क्षेत्र, धर्म और जाति का जहर देश के लिए साइलेंट किलर का काम करता है। यह हमारी सामूहिक इच्छा शक्ति यानी कलेक्टिव विल को खोखला कर देता है। देश के लिए यह बाधा बहुत विनाशकारी है। जब देश की जनता ही आपस में बंटी हो तो वह देश घरेलू मोर्चे पर बहुत कमजोर हो जाता है। इससे मुक्ति के कुछ मार्ग भी हैं। जैसे स्कूल-कॉलेज में छात्रों के लिए एनसीसी और एनएसएस को अनिवार्य करें। इससे उनमें राष्ट्र प्रथम की भावना जाग्रत होगी। हमें



अपनी अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाना होगा। जब हर वर्ग को रोटी और शिक्षा सुनिश्चित हो जाएगी तो जाति और धर्म के ठेकेदारों को राजनीति करने की जगह ही नहीं मिलेगी। दूसरा सख्त कानूनी कार्यवाही का होना भी बहुत जरूरी है। देशद्रोह और सामुदायिक द्वेष फैलाने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनानी होगी। सामाजिक सौहार्द को हम सभी देश वासियों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानना होगा।

सपना कोई भी हो, सही रणनीति और प्रयास से ही साकार होता है। विश्वगुरु या महाशक्ति बनने का सपना पूरा करने के लिए देश को तीन स्तरों पर कार्य करना होगा। पहली है आर्थिक शक्ति। इसके लिए स्किल इंडिया को हथियार बनाना होगा। हमारी युवा आबादी हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए हम उन्हें उद्योगों के अनुकूल प्रशिक्षित करें।

दूसरा स्तंभ है, तकनीकी आत्मनिर्भरता। इसके लिए एआई, क्वांटम और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में हमें अग्रणी बनना होगा। हमारे पास संस्कृत और आयुर्वेद जैसी प्राचीन ज्ञान परंपरा है। इसे आधुनिक विज्ञान से जोड़कर हमें क्लाइमेट चेंज रोकने का समाधान निकालना होगा। तीसरा स्तंभ है रक्षा एवं कूटनीति। हमें शांतिदूत बनना है और मुट्ठी में तलवार भी रखनी है। इसके लिए जरूरी है हमारी सैन्य शक्तियां पूरी तरह से आधुनिक हों। लेकिन यह भी ध्यान रहे कि महाशक्ति केवल परमाणु बम या जीडीपी से नहीं बनता, वह देश के नागरिकों के चरित्र से भी बनता है। यदि हम 2047 में देश की स्वाधीनता के शताब्दी वर्ष में भारत को विश्व की महाशक्ति के रूप में देखना चाहते हैं तो देश के हर नागरिक को यह संकल्प लेना होगा कि मैं एक ईमानदार कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनूंगा। देशहित को सर्वोपरि रखना होगा। इसके लिए तन, मन, धन से जुटना होगा तो देश निश्चित ही विश्वगुरु, महाशक्ति बन जाएगा।

प्रस्तुति: रेणु खंतवाल



{ गजल / गोविंद भारद्वाज }

## जय हिंद का नारा

चमन के फूल हैं इंसान हम सारे,
तिरंगे की अलग इक शान हम सारे।
कभी मुश्किल में पड़ जाए यकीनन फिर,
वतन के नाम पर कुर्बान हम सारे।
यहीं जन्मे सभी हम और खेले सब,
इसी वसुधा की हैं संतान हम सारे।
भले मजहब हमारे हों अलग लेकिन,
लिए दिल में हैं हिंदुस्तान हम सारे।
बढ़ें आगे लगा 'जयहिंद' का नारा,
बने फिर हिंद की पहचान हम सारे।
रहें खुलकर सभी आजाद भारत में,
अदब से गाएं राष्ट्रगान हम सारे।
हो वंदे मातरम् सब की जुबां पर नित,
करें इस पर सदा अभिमान हम सारे।

{ व्यंग्य / सूर्यकुमार पांडेय }

## पोल खुलने का मौसम



बारह महीनों में एक उत्तम महीना है सावन का महीना। इसकी बात ही कुछ निराली है। सावन में पवन शोर करने लगता है, दादुर भाषण झाड़ने लगते हैं और मोर फोक डांस करने लगते हैं। धरती हरियाली की जीएसटी से आच्छादित हो जाती है। सावन आता है और बादल धरती को बूंद-बूंद आश्वासन पिलाने में मशगूल हो जाया करते हैं। यह वही मशहूर महीना है, जिसमें विरहिन और पपीहे 'पिउ-पिउ' का पाठ रटते हैं। सावन में अच्छे-अच्छों को दूर की सूझती है। स्तंभकारों को कॉलम, युवतियों को बालम और नेताओं को पालम की सुध आने लगती है। सावन बरसता है, तो तन-मन में आग लग जाती है। ऐसे में मुझे उन पर बेहद तरस आता है, जो इसकी महिमा को कायदे से नहीं बूझते और अपने लाखों के सावन को 'दो टकिया' की नौकरी के पीछे गंवा दिया करते हैं। भला जिसे सावन में भी हरियाली दिखलाई न दे, उससे क्या उम्मीद जा सकती है!

सावन, वर्षा ऋतु का केंद्रीय महीना है। यही वह मौसम होता है, जब इंद्र देव प्रसन्न होते हैं। जवां दिलों में नई चाहत जागती है। प्यार के अंखुए फूटते हैं। समूची प्रकृति में 'रेन डांस' होने लगता है। रंग-बिरंगी फूल-पत्तियां फैशन परेड करने लगती हैं। संयम के बांध टूट-टूट पड़ते हैं। चाहतें भूस्खलन की शिकार हो जाती हैं और आपदा प्रबंधन नामक सरकारी महकमे के लोग डूबने-उतरने लगते हैं। ठेकेदारों और सरकारों के विकास कार्यों की पोल खुलने लगती है। बड़े-बड़े शहरों में भी निगमों और सरकारों को स्वयं के कार्यों पर लाज आने लगती है। सीवर और मेनहोल गले तक लबालब भर जाते हैं तथा नाली, सड़क और मेनहोल का अंतर मिट जाता है। मार्ग पर समाजवादी व्यवस्था हावी हो जाती है। जहां देखिए, वहां पर पानी ही पानी नजर आता है। विकास के कार्यों का दावा करने वालों के लिए यह मुंह छिपाने का भी मौसम होता है। जिन जिम्मेदार लोगों की आंखों का पानी शेष है, वे पानी-पानी होने लगते हैं। सावन राहत योजनाओं की छीछालेदर का सुहावना मौसम होता है। बादल तबीयत से बरसते हैं। नाले फूट पड़ते हैं। क्षुद्र नदियां इतराने लगती हैं। जिन्हें शर्म से डूब मरना होता है, वे डूब मरते हैं। बादल गरजते हैं और आसमान से बिजलियां गिरती हैं। जमीनी बिजली शरम के मारे जब-तब नौ-दो-ग्यारह हो लेती है। सरकारी योजनाओं की तरह पानी गड्ढों और नालियों में सिमट जाता है। पुरानी तो पुरानी, नई छतें और छप्पर तक टपकने लगते हैं। बाढ़ आती है। आंखों-आंखों में गांव-नगर फैले कीचड़ की पैमाइश करते हुए माननीय गण हवाई सर्वेक्षणों में जुट जाते हैं और अपने निजी क्षेत्र के बारे में बाकायदा चिंताग्रस्त होते हुए सोचा करते हैं कि कौन कितने पानी में है? वे अपने मातहतों को आदेश देते हैं, 'जान-माल का नुकसान न होने पाए।' मातहत सब समझते हैं। वे अपनी गरम मुट्ठियां बांधे हुए माननीय के आगे-पीछे चक्कर लगाते हैं और तब माननीय का कोई खासमखास बंदा सर्वेक्षणोपरांत उनके कान में फुसफुसाता है, 'हुजूर, चिंता न करें। आपके रहते इस क्षेत्र में और किसकी मजाल है, जो जान-माल को हाथ भी लगा दे।'

अपने देश को स्वतंत्रता भी सावन के आस-पास ही प्राप्त हुई थी। यह भी कह सकते हैं कि आजादी नहीं आती, तो ऐसा सावन भी नहीं आता, क्योंकि जबसे ये दोनों आए हैं, तब से इतना पानी टपका है कि तमाम बंजर जमीनें, हरी-भरी हो गई हैं और हरी-भरी जमीनें बंजर हो गई हैं। लेकिन बंजर हो या हरी-भरी जमीन, उसपर भ्रष्टाचार की फसल उगने के लिए सावन का भी इंतजार नहीं करती है।

{ पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण }

## ऑपरेशन सिंदूर की दास्तान



किताब: ऑपरेशन सिंदूर, लेखक: लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) के. जे. एस. 'टाइनी' ढिल्लों, मूल्य: 600 रुपए, प्रकाशक: प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली

**पिछले वर्ष** 2025 के अप्रैल माह में कश्मीर में आतंकियों द्वारा कई निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या के लिए जिम्मेदार पड़ोसी देश पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारतीय सेना ने मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। चार दिनों तक चले इस ऑपरेशन की रणनीति, उसमें तीनों सेनाओं के द्वारा किए गए समन्वित एक्शन और उसके फलस्वरूप सीमा पार आतंकी अड्डों के नेस्तनाबूद होने की पूरी दास्तान को इस किताब 'ऑपरेशन सिंदूर' में लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) के. जे. एस. 'टाइनी' ढिल्लों ने विस्तार से बयान किया है। आनंद कुमार राय द्वारा किया गया इसका हिंदी अनुवाद हाल में छपकर आया है। जरूरत के अनुसार चित्रों के उपयोग से ऑपरेशन सिंदूर की पूरी कहानी और भी जीवंत हो उठती है। इसे पढ़ते हुए निश्चित ही हर भारतीय को हमारी सेना के शौर्य और पराक्रम पर गर्व की अनुभूति होगी।

## अमन के फरिश्ते



पुस्तक: अमन के फरिश्ते (उपन्यास), लेखक: ब्रिगेडियर सुशील तंवर, मूल्य: 325 रुपए, प्रकाशक: राजपाल एंड संस, दिल्ली

**आज से** लगभग दो-ढाई दशक पहले कश्मीर में आतंकवाद चरम पर था। आम लोग खौफ और दहशत में जिया करते थे। उस दौर में भी भारतीय सेना, स्थानीय सुरक्षा बलों के साथ मिलकर टेरर नेटवर्क को ध्वस्त करने में रात-दिन लगी रहती थी। इसमें मिलिट्री इंटेलिजेंस के लिए सबसे महत्वपूर्ण कड़ी वहां के कुछ देशभक्त स्थानीय निवासी हुआ करते थे। इसी कथानक पर ब्रिगेडियर सुशील तंवर ने 'अमन के फरिश्ते' उपन्यास की रचना की है। मिलिट्री कैप्टन आशीष चौहान, अपनी वीरता, साहस, बुद्धिमत्ता और स्थानीय अमन के फरिश्तों के साथ से कैसे आतंकियों का सफाया करते हैं, इसकी रोमांचक कहानी पाठक के मन में देशभक्ति की भावना का संचार कर देती है।

# आठवीं विशाल समरसता जलाभिषेक यात्रा निकाली जाएगी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । कसाई मंडी शिवालय पर निकलेगी समरसता जलाभिषेक यात्रा आज राष्ट्रभक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अर्जरिया ने श्रावण मास में राष्ट्रभक्त संगठन के होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दें जिसमें उन्होंने बताया की दिनांक 11 अगस्त श्रावणी शिवरात्रि के अवसर पर मंगलवार सुबह 10:00 झोकन बाग स्थित शहीद पार्क से रठन का बाग कसाई मंडी शिवालय के मुक्ति दिवस के अवसर पर आठवीं विशाल समरसता जलाभिषेक यात्रा निकाली जाएगी जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं यह यात्रा मडिया महादेव



मंदिर को कसाई मंडी शिवालय से जोड़ने वाली यात्रा है दो शिवालय जिनकी मुक्ति में राष्ट्रभक्त संगठन सम्मिलित रहा है वह धर्मियों के कब्जे से मुक्त कराया है जहां हिंदू अल्पसंख्यक हैं ऐसे क्षेत्र में इस यात्रा का आयोजन झांसी के हिंदू समाज को जोड़ने वाला और उसे क्षेत्र में रह रहे हिंदुओं को संबल प्रदान करने वाला आयोजन है आपसे अनुरोध है आप इस यात्रा में अवश्य सम्मिलित हो

इसी क्रम में बुंदेलखंड की पहली डाक कावड़ यात्रा जो ओरछा वेत्रवती गंगा से प्रारंभ होकर ओरछा ते कल भगवंतपुर बाईपास दिगारा होकर सुबह 6:00 बजे चिरगांव पहुंचेगी नगर भ्रमण करने के पश्चात भोलेनाथ पर कावड़ चढ़ाई जाएगी जिसका संयोजक दिनेश कुशवाहा को बनाया गया है इसी क्रम में दिनांक 24 को राजगढ़ स्थित शिवालय जिसका जीर्णोद्धार राजगढ़ वीडियो के सहयोग से राष्ट्रभक्त संगठन ने कराया है वहां पर भी कावड़ यात्रा रविंद्र पाल के संयोजन और बालवीर भदोरिया के संयोजन में ओरछा से जल लेकर सैयर पहाड़ी बिजौली होकर राजगढ़ आएगी जहां जिला अभिषेक उपरांत भंडारे का आयोजन होगा

# जीवन में आने वाले सुख -दुख जीव के कर्मो का फल हैं: विशाश्री माताजी

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । अतिशय क्षेत्र करगुवांजी में चल रहे 48 दिवसीय 1008 भक्तामर महा मण्डल आराधना विधान के सप्तम दिवस रविवार को मंगल देशना देते हुए आर्यिका 105 विशाश्री माताजी ने कहा कि अहंकार का विसर्जन कर जो लघुता के साथ भक्ति करता है। राजा बनकर नहीं तीर्थंकर के चरणों में दास बनकर जो आता है वहीं भक्ति कर पाता है। जो भाव सहित भगवान के मुख मंडल का अवलोकन कर लेता है उसके जन्म जन्मांतर के पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीव के जीवन में आने वाले सुख दुख उसके द्वारा पूर्व में किये गये कर्मों का फल हैं। किस कर्म के उदय से जीवन में आनंद बरस रहा है, किस कर्म से दुखी हैं तथा किस कर्म से जीवन में आध्यात्म और वैराग्य बरस रहा है। यह हम नहीं जान पाते हैं लेकिन भगवान की महत्ता को हमें जानना होगा इसलिए हमें छिपकर भी कोई ग़लत काम नहीं करना चाहिए क्योंकि भगवान तो सब कुछ देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूजा में लज्जा का अनुभव न करें अथवा कोई क्या कहेगा



ऐसा न सोचें बल्कि तन, मन और काया समर्पण कर भगवान की भक्ति करें तभी मोक्ष का मार्ग मिलेगा। सप्तम दिवस के पुण्यार्जक प्रकाशचंद्र जैन, श्रीमती ऊषा जैन ,सचिन जैन, शिवम जैन समत्व मती श्री माताजी के ग्रहस्थ जीवन के परिवार जन ग्वालियर म.प्र. रहे। पं.दीपक कुमार जैन करैरा एवं पारस भैया के संयुक्त संचालन में समस्त धार्मिक क्रियायें सम्पन्न कर अर्घ समर्पित किये। संचालन दिगम्बर जैन पंचायत समिति के महामंत्री कमल जैन एवं करगुवां मंत्री एड. शिरोमणि जैन ने किया।अंत में विनोद जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, निर्माण मंत्री भागचंद जैन,विधि सलाहकार अशोक जैन, डा.अमित जैन, राजीव जैन शिवाजी, डा.जिनेंद्र जैन,दीपक जैन वैद्य, अशोक जैन रत्न सेल्स, संजुल जैन,सुकुमाल जैन, प्रियांशु जैन, हर्ष जैन,कुलदीप जैन, श्रीमती प्रीति जैन, दीपक जैन रेलवे, एड.पवन सिंघई, सिद्धार्थ जैन सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सदर कैंट मंडल में गुरु रविदास की समरसता संकल्प यात्रा,पुष्प वर्षा से हुआ भव्य स्वागत

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर आयोजित 'श्री गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान' के अंतर्गत सदर कैंट मंडल क्षेत्र में भव्य कलश वंदन यात्रा एवं शोभायात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। यह पवित्र कलश गुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर(वाराणसी) की पावन मिट्टी का कलश, रथ यात्रा का आयोजन जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व

संजीव श्रृंगीऋषी पूर्व जिलाध्यक्ष,प्रदीप सरावगी पूर्व जिलाध्यक्ष ,संतोष सोनी पूर्व जिलाध्यक्ष,राजकांतेश वर्मा ब्लॉक प्रमुख चिरगांव,अनूप अग्रवाल वरिष्ठ समाजसेवी,मनु सिंह जिला उपाध्यक्ष, के मुख्य अतिथ्व, मंडल अध्यक्ष धीरज अग्रवाल एवं संतराम पेंटर के कुशल



संयोजन में संपन्न हुआ।9 अगस्त 2026 को प्रातः 11:00 बजे – काली जी मंदिर , महादेव मंदिर बिहारी जी मंदिर ,महर्षि वाल्मीकि मंदिर श्री रविदास जी महाराज के कलश का विधिवत पूजन कर संपन्न कराया गया।काली जी मंदिर सदर बाजार के समीप उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं जनमानस को संत रविदास जी महाराज के बताए मार्ग पर चलकर समरस, समतामूलक एवं सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया ,: 'संत रविदास जी ने जात–पात के भेदभाव को मिटाकर समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का अतुलनीय कार्य किया। उनका सपना था कि समाज में कोई भी व्यक्ति दुखी न रहे और सभी मिलकर रहें। कलश मै रविदास जी जन्मस्थली की मिट्टी को हर गांव और हर मोहल्ला तक पहुंचने का संकल्प आम जन को दिलाया । वाल्मीकि मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज जी की कलश वंदन रथ यात्रा के समापन में जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह उपस्थित रहे एवं रविदास जी महाराज के कलश का विधिवत पूजन कर संपन्न कराया गया। इस अवसर पर अनिरुद्ध दुबे मण्डल मंत्री,पलविंदर सिंह जिया मंत्री अनुराग अहिरवार सह संयोजक , सभासद / अभियान सह संयोजक सुनील विश्वकर्मा ,नीरज सिरोठिया ,दर्शन वाल्मीकि ,अमित खटीक,प्रणय अग्रवाल ,मोहित मिश्रा ,मोहित साहू ,नीतू जाटव, भरत बुंदेला ,दीपू मौर्य , निखिल साहू ,सचिन शर्मा , आशिक साहू ,किशन त्रिपाठी ,भारत गुप्ता , सुनील सक्सेना ,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु ,नीरज सिरोठिया , चमन मेहरोलिया ,अजय जाटव ,सौरभ खरे ,संतोष कुशवाह बड़ी संख्या में महिला व पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरौठा विधायक ने विधानसभा में रखी गरौठा-मोतीकटरा मिसिंग लिंक रोड निर्माण शीघ्र शुरू कराने की बात

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने झांसी की बहुप्रतीक्षित गरौठा से मोती कटरा मिसिंग लिंक रोड का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराए जाने की बात विधानसभा में उठाई है. विधायक ने कहा कि यह सड़क झांसी और हमीरपुर जनपद को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन वर्षों बाद भी इसका निर्माण अधूरा होने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक जवाहर लाल राजपूत ने विधानसभा सदन के संज्ञान में लाते हुए बताया कि यह मार्ग विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ था। सड़क का अधिकांश भाग पहले ही बन चुका है, लेकिन गरौठा से मोती कटरा तक का मिसिंग लिंक आज भी अधूरा है। इसके



कारण दोनों जनपदों के बीच आवागमन प्रभावित हो रहा है और बरसात के मौसम में लोगों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक जवाहर राजपूत ने बताया कि कहा कि पूर्व में सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण सहित अन्य कार्यों पर शासन द्वारा पर्याप्त धनराशि खर्च की जा चुकी है। वर्ष 2025–26 में भी इस सड़क के निर्माण के लिए 155 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। इसके बावजूद टेंडर प्रक्रिया और एस्टीमेट की रिवाइज होने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे क्षेत्रवासियों में निराशा है। विधायक जवाहर लाल राजपूत ने कहा है कि जनहित को देखते हुए गरौठा–मोती कटरा मिसिंग लिंक रोड के निर्माण में आ रही सभी बाधाओं को दूर कर आवश्यक प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्रवाई कराते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से झांसी और हमीरपुर के हजारों लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# वाणिज्य में नीरज का चयन, जालौन का बढ़ाया मान

## - UPTGT-2022 में प्रदेश की 38 सीटों में बनाई जगह, जिले से वाणिज्य विषय में एकमात्र चयन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड की ओर से आयोजित क्ष्ज्ञत्ज्ञ परीक्षा–2022 के वाणिज्य विषय के घोषित परिणाम में उरई के मेधावी युवा नीरज कुमार का चयन हुआ है। 28 जुलाई को परिणाम घोषित होने के बाद से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। इष्ट–मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वाणिज्य विषय में प्रदेशभर में महज 38 सीटें होने के कारण परीक्षा में कड़ा मुकाबला था। नीरज ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर तैयारी के दम पर सफलता हासिल कर इन सीमित सीटों में स्थान बनाया। खास बात यह है कि वाणिज्य विषय में जालौन जिले से नीरज कुमार का एकमात्र चयन हुआ है। इससे जिले और उरई शहर का मान बढ़ा है। सुशील नगर के निवासी हैं नीरज: नीरज कुमार मोहल्ला सुशील नगर, उरई निवासी जय सिंह कुशवाह के पुत्र हैं। उनकी सफलता की खबर मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। रिश्तेदारों, मित्रों और परिचितों ने घर पहुंचकर उन्हें बधाई दी। माता–पिता व गुरुजनों को दिया श्रेय: नीरज कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, गुरुजनों और मित्रों को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और सही दिशा में किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता। नीरज की उपलब्धि पर इष्ट–मित्रों, रिश्तेदारों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने लगाया जाम

( यंग भारत न्यूज )



बांदा में बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा शुक्रवार को सड़क पर देखने को मिला। कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित होने और करीब 15 दिनों से ट्रांसफार्मर फुंका होने से नाराज ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग–35 पर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यहां तक कि एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। बांदा के बड़ोखर खुर्द ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भरखरी में बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। शुक्रवार शाम करीब चार बजे करीब एक सैकड़ा ग्रामीण राष्ट्रीय राजमार्ग–35 स्थित भरखरी गेट के पास पहुंच गए और सड़क पर जाम लगा दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से बिजली आपूर्ति व्यवस्था बदहाल है। वहीं भवानीपुरवा मजरे में करीब 15 दिनों से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। बिजली न आने से गांव में पेयजल संकट गहराने के साथ खेती–किसानी और रोजमर्रा के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि धान की बेड भी सूखने की कगार पर पहुंच गई है। ग्रामीणों के मुताबिक बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज ग्रामीण शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे सड़क पर उतर आए और हाईवे जाम कर दिया। जाम लगने से हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई। हाईवे जाम होने की सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर जल्द समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। करीब दो घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया, जिसके बाद हाईवे पर यातायात सुचारु हो सका। फिलहाल ग्रामीणों ने बिजली समस्या के जल्द समाधान की मांग की है। अब देखना होगा कि बिजली विभाग फुंके पड़े ट्रांसफार्मर को कब तक बदलता है और गांव में बिजली आपूर्ति कब बहाल होती है।

# जिलाध्यक्ष हमारी ताकत हैं : आचार्य डॉ हरिओम पाठक

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । विश्व हिंदू महासंघ की एक आवश्यक वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष श्याम बाबू शर्मा ने किया। बैठक में आगामी 16 अगस्त को झांसी में होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक की तैयारी की समीक्षा की गई। धर्माचार्य अध्यक्ष डॉ हरिओम पाठक ने कहा कि, जिला अध्यक्ष हमारी ताकत हैं। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति पर निकलने वाली धार्मिक शोभा यात्रा की कमान जिला अध्यक्षों के ही हाथ रहेगी। इसलिए जिला अध्यक्ष बैठक में अवश्य भाग लें। मातृशक्ति व अन्य प्रकोष्ठों के भी जिला अध्यक्ष बैठक में भाग लें। सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष गंगा शर्मा कौशिक, क्षेत्रीय अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, आशा शर्मा , नीलम गिरी, किन्नर किरन नंद गिरी, श्रीवंत तिवारी, संजय शुक्ल तथा मनोज प्रजापति ने कहा कि, बैठक में समय सीमा का ध्यान रखना होगा।

जिला अध्यक्ष मोहित सिंह परिहार, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा वीरेंदर सिंह ठाकुर, राजेश शर्मा ,अखंड प्रताप सिंह तथा दीपक शुक्ला ने कहा कि, राष्ट्र संत अवेद्यनाथ की पुण्यतिथि पर निकलने वाली शोभा यात्रा हमारी बैठक का मुख्य बिंदु होगी । अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र कुमार पाठक, प्रदेश महामंत्री दिग्विजय सिंह राना, संभाग प्रभारी शरद प्रजापति, मीडिया अध्यक्ष प्रवीण सिंह चंदेल, श्रीमती सुमन पटेल , श्रीमती अंशु छौंकर , इंद्रदीप जैन इत्यादि साथियों ने कहा कि, श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु निकलने वाली शोभा यात्रा में सभी प्रकोष्ठों की जिम्मेदारी होगी। इसलिए बैठक में उनका रहना भी जरूरी है।

# खुला पत्र




प्रेषक:
कुंवर हरिवंश सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा
पूर्व सांसद
दिनांक: 9–अगस्त 2026
स्थान: जौनपुर
संघे –शक्ति –कलियुगे

मेरे प्यारे समाज बंधुओं और समस्त पदाधिकारियों,प्रकोष्ठ वीरांगना युवा प्रकोष्ठ एवं सनातन योद्धा हिंदुत्व प्रेमी

जय श्री राम!

आज जौनपुर की धरती से मैं आप सबसे दो टूक बात करना चाहता हूं।
न्याय और अपने हक़ के लिए तुम्हें लड़ना ही होगा।
परिणाम चाहे जो भी हो, धर्म का पालन करना ही सच्चा कर्तव्य है।
हम कमजोर नहीं हैं। हम बिखरे हुए हैं।
इसलिए आज मैं सुविधा–दुविधा छोड़कर एकजुट होने का आह्वान करता हूं।
हमारी लड़ाई किसी से नहीं, व्यवस्था से है।
हमारी मांग नफरत नहीं, समानता–सद्भाव–अधिकार है।
आइए, अगस्त से अक्टूबर तक हम इतिहास रचें:

8 अगस्त से – केसरिया और तिरंगा हाथ में लेकर 'त्रष्ट कानून रोल बैक अभियान' खाड़ी से पहाड़ी तक हर प्रदेश अध्यक्ष कार्यक्रम तय करे
15 अगस्त – हर घर तिरंगा, हर दिल में एक संकल्प ले
16 अगस्त – कानपुर में प्रदेश बुंदेलखंड सेंट्रल यूपी सम्मेलन समीक्षा
16–, अगस्त हरियाली तीज पर्व पर आयोजित
रामपुर में नारी शक्ति का सम्मान।
13 सितंबर – मुजफ्फरपुर में राष्ट्रीय कार्यकारिणी। एजेंडा तय होगा कमेटी घोषित कर दी गई सभी सादर आमंत्रित हैं ।
20– सितम्बर आगरा चलो सनातन शक्ति सम्मेलन
खुला अधिवेशन एतिहासिक होगा स्थान सुर सदन ऑडिटोरियम सभागार संजय पैलेस आगरा के पास है
20 अक्टूबर – विजय दशमी पर देशभर में शौर्यशक्ति सम्मेलन एवं केसरिया शोभायात्रा
25 अक्टूबर – उरई, जालौन में बुंदेलखंड का महासंग्राम
सनातन शक्ति सम्मेलन उरई जालौन

अनुरोध
साथियों, कितनी भी महासभा बना लो, कितनी भी सेना बना लो... जब तक एक टेबल पर बैठकर एजेंडा नहीं बनेगा, कुछ नहीं बदलेगा।
पूर्व सांसद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जी एवं
डॉ एपी सिंह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
पूर्व सैन्य अधिकारी बच्चन सिंह राणा को यह अधिकार दिए हैं कि सभी संगठनो से वार्ता होगी सामूहिक एकता एकजुटता लाए ।
इसलिए मैं आप सबसे कहता हूं – मनभेद भूल जाइए। गलतियां सुधारिए। दायित्व निभाइए।
आप मेरी ताकत हैं। आप मेरा परिवार हैं।
और मेरा समाज मेरे साथ है।
आइए, राजनीति नहीं सेवा–नीति करें।
क्या हार में, क्या जीत में – किंचित नहीं भयभीत में।
जय माँ भवानी! जय श्री राम!

आपका,
कुंवर हरिवंश सिंह
9702077777

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718